www.epaper.azadsipahi.in
वंदे मातरम
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 17 अगस्त, 2025, रविवार, वर्ष 10, अंक 297, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2082, पृष्ठ : 24+20=44, मूल्य : ₹3.00
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

# गुरुजी का संस्कार भोज संपन्न

## ■ नेमरा में लगा आम और खास का तांता ■ सीएम खुद करते रहे व्यवस्था की निगरानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नेमरा/गोला/रामगढ़।** नेमरा की माटी आज फिर भावुक हो उठी, जब लाखों की संख्या में आगंतुक यहां अपने महानायक स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन को नमन करने उमड़ पड़े थे। सभी ने दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगंतुकों का जताया आभार :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्मृति शेष शिबू सोरेन के संस्कार भोज में शामिल होने के लिए राज्य के कोने-कोने से आये लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाबा जब नयी दिल्ली के एक अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन कठिन परिस्थितियों में राज्य वासियों का हमारे परिवार को जो संबल प्राप्त हुआ, उसे कभी भूल नहीं सकता हूं। लोगों ने बाबा की जिंदगी के लिए दुआएं की, लेकिन ईश्वर को शायद कुछ और मंजूर था। आज दिशोम गुरु हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी अंत्येष्टि संस्कार से लेकर आज के संस्कार भोज में लाखों लोगों का शामिल होना, पूरे श्राद्ध कर्म के दौरान नेमरा आकर उनका हमारे साथ खड़े रहने से हमें और हमारे घर- परिवार को दुख की इस घड़ी में काफी आत्मबल मिला। राज्य की जनता जिस तरह हमारे साथ हर पल मौजूद रही, वह यह बताने के लिए काफी है कि उनका 'बाबा' से कितना गहरा लगाव था। 'बाबा' भले ही हमें हमेशा- हमेशा के लिए छोड़कर चले गये हैं, लेकिन इस राज्य के मार्गदर्शक एवं पथ प्रदर्शक के रूप में वे सदैव याद रखे जायेंगे।

**विशिष्ट मेहमानों के साथ लाखों आमजन हुए शामिल :** स्मृति शेष दिशोम गुरुजी के संस्कार भोज में अनेक अति विशिष्ट एवं विशिष्ट मेहमानों के साथ लाखों की संख्या में आमजन शामिल हुए। इनमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कई मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, सांसद एवं पूर्व विधायक, पदाधिकारी तथा प्रबुद्धजन शामिल थे। सभी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।



### नेमरा पहुंच कर राजनाथ सिंह ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेमरा पहुंच कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके पारिवारिक सदस्यों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। बाद में उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी से वह कई बार मिले थे। उनका सहज-सरल व्यक्तित्व काफी प्रभावित करता था। गुरुजी सिर्फ आदिवासी ही नहीं, बल्कि अन्य समाज के भी अभिभावक के रूप में जाने जाते थे।

### योग गुरु बाबा रामदेव पहुंचे

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संस्कार भोज में शामिल होने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, सांसद पप्पू यादव, योग गुरु बाबा रामदेव, पूर्व राज्यसभा सांसद आरके आनंद शामिल हुए। सभी ने स्मृति शेष गुरुजी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इनके अलावा झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और कई अन्य विशिष्ट लोग भी नेमरा पहुंचे।

### बाबा संघर्ष और त्याग की मिसाल थे

संस्कार भोज में सम्मिलित लोग दिशोम गुरु की जिंदगी और व्यक्तित्व की ही बातें करते दिखे। उनका कहना था कि उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने संघर्ष को ही अपना हथियार बनाया। 'बाबा' का पूरा जीवन इस राज्य की खातिर समर्पित रहा। वे एक तरफ त्याग और संघर्ष की मिसाल थे, तो दूसरी तरफ आदिवासी चेतना के वाहक। शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ उलगुलान उनकी पहचान बनी, तो झारखंड आंदोलन के अग्रदूत भी थे।

### मुकम्मल व्यवस्था लोगों को नहीं हुई कोई असुविधा

संस्कार भोज में मुकम्मल प्रशासनिक व्यवस्था देखने को मिली। यहां योजनाबद्ध तरीके से सारी व्यवस्था की गयी थी, जिस वजह से आगंतुकों को असुविधा नहीं हुई। सुरक्षा के साथ भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था थी। लोगों को जानकारी देने के लिए माइक से लगातार अनाउंसमेंट हो रहा था। वाहनों की पार्किंग के विशेष इंतजाम किये गये थे। सभी जवान ड्यूटी पर लगातार मुस्तैद रहे, ताकि किसी को कोई परेशानी नहीं हो।

# राजकीय सम्मान के साथ शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की अंत्येष्टि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/घाटशिला।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का शुक्रवार को निधन हो गया। वह दो अगस्त को अपने घर में गिर गये थे, जिससे उनके सिर में चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें दिल्ली के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया। उनके पुत्र सोमेश सोरेन ने उनके निधन की जानकारी दी।

**विधानसभा में श्रद्धांजलि :** शनिवार सुबह उनका पार्थिव शरीर रांची लाया गया, जहां विधानसभा में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई मंत्री, विधायकों और सांसदों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**पैतृक गांव में अंतिम संस्कार :** बाद में उनका पार्थिव शरीर घाटशिला ले जाया गया, जहां तीसरे पहर राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गयी। 55 वर्षीय सोरेन झारखंड सरकार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता और निबंधन मंत्री थे। वह लगातार तीसरी बार घाटशिला से विधायक चुने गये थे।

### सीएम हेमंत लिखा, अंतिम जोहार दादा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऐसे छोड़कर नहीं जाना था रामदास दा... अंतिम जोहार दादा।

**विभिन्न दलों के नेताओं ने जताया शोक :** रामदास सोरेन के निधन पर राज्यपाल संतोष गंगवार, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, रघुवर दास और कई अन्य नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।









# नेमरा का कर्ज उतार गये दिशोम गुरु शिबू सोरेन

## ■ पुत्र हेमंत सोरेन ने बदल दी नेमरा गांव की दशा और दिशा

## ■ सड़क, साफ-सफाई के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर तक मिल गयी पहचान

**गुरुजी के श्राद्ध कर्म पर विशेष**



**नेमरा से लौटकर प्रशांत झा**

जन्म स्थल से लोगों का बहुत लगाव होता है। लोग कहते हैं जन्म स्थली, मातृभूमि से कम नहीं है। लिहाजा लोगों को इससे बहुत ही प्यार और इसके प्रति सम्मान रहता है। दिल से इससे जुड़ाव होता है। उसके प्रति जिम्मेदारी और कर्ज होता है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन का रामगढ़ का छोटा सा गांव नेमरा जन्म स्थली रहा है। नेमरा से निकल कर बिहार की राजधानी पटना, फिर झारखंड की राजधानी रांची और देश की राजधानी दिल्ली तक उनकी आवाज गूंजी। उनके संघर्ष की गाथा महाकाव्य से कम नहीं है। वहीं, अगर उनके जन्म स्थली की बात हो तो कम से कम झारखंड के बाहर तो कम ही लोग नेमरा को जानते थे। बहुत अधिक तो रामगढ़ के थे शिबू सोरेन यही जानकारी थी। दूसरी ओर जैसे दूसरे गांव होते हैं, वैसा ही कुछ नेमरा की स्थिति थी। इस परिदृष्य को गुरुजी के निधन ने बदल दिया। गुरुजी ने नेमरा का कर्ज उतार दिया। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अहम भूमिका निभायी। दस दिन में नेमरा का नाम राष्ट्रीय फलक पर चमका, तो सात दिन में गांव का परिदृष्य बदल गया।

### हेमंत सोरेन का फैसला सराहनीय:

गुरुजी का निधन दिल्ली में हुआ। उनके पार्थिव शरीर को पहले रांची लाया गया, फिर यहां से नमेरा ले जाया गया। जहां अंतिम संस्कार हुआ। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 12 दिन से नेमरा में रह कर न केवल दैनिक श्राद्ध कर्म को पूरा किया, बल्कि अंतिम दिन श्राद्ध कर्म और संस्कार भोज का भी आयोजन नेमरा में ही किया। हेमंत सोरेन चाहते तो इसे रांची या कहीं और भी संपन्न कर सकते थे। इसके बाद भी तामाम झंझावतों के बीच उन्होंने नेमरा में ही श्राद्ध कर्म पूरा करने का फैसला लिया। यह उनका सराहनीय कदम रहा।

### सात दिन में बदल गया नेमरा:

शिबू सोरेन की जन्मस्थली नेमरा या वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैतृक गांव रहने के बाद भी यहां बिजली-पानी-सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं अन्य गांव की तरह ही थीं। कोई विशेष इंतजाम नहीं था। श्राद्ध कर्म में आनेवाले आम और खास लोगों के लिए व्यवस्था करना एक चुनौती थी।



मुख्यमंत्री ने खुद ही एक-एक चीज की मॉनिटरिंग करते हुए व्यवस्था को चाकचौबंद कराया। बिजली-पानी-सड़क, पार्किंग हर चीज सात दिन में दुरूस्त कर दिया गया। इतना ही नहीं वीवीआइपी लोगों के लिए हैलिपैड का निर्माण करा दिया, जिससे वह सीधे घर के पास पहुंच सकें।

### राष्ट्रीय स्तर पर नेमरा का नाम चमका:

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुजी का अंतिम संस्कार और श्राद्ध कर्म नेमरा में कर के इसका नाम राष्ट्रीय फलक पर पहुंचा दिया। रामगढ़ के छोटे से इस गांव की पहचान आज राष्ट्रीय स्तर पर हो गयी है। पहले गूगल सर्च में नेमरा खोजने पर कई तरह का जवाब आता था। इन 10 दिनों में अब स्थिति यह है कि गूगल सर्च में नेमरा डालने में सबसे पहले इस गांव की खबर आती है। गुरुजी की अंत्येष्टी से लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा हर दिन किये गये श्राद्ध कर्म और फिर ब्रह्म भोज तक की दास्तां पहले दिखती है।



### खास से आम लोंगो का रखा खयाल:

गुरुजी के श्राद्ध कर्म-सह-ब्रह्म भोज में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल संतोष गंगवार, दूसरे राज्य के तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, योग गुरु बाबा रामदेव जैसे विशिष्ट लोगों के साथ-साथ लाखों की संख्या में आम लोग पहुंचे। उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका हेमंत सोरेन ने खास खयाल रखा। विशिष्ट लोगों के लिए घर से चंद कदम पर हैलिपैड बनाया गया था। जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर आम लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं हो। वह हैलिकॉप्टर से सीधे घर के पास उतरे और वहां मौजूद गाड़ी से एक मिनट में मुख्यमंत्री के घर पहुंच गये। इससे न ही ट्रफिक को रोकना पड़ा और न ही आम लोगों को रोक कर उनके लिए सुरक्षा घेरा बनाना पड़ा।



### आगंतुकों के लिए दुरुस्त व्यवस्था:

श्राद्ध कर्म और संस्कार भोज में राज्य के कोने-कोने से लाखों की संख्या में लोग नेमरा पहुंचे थे। अगर यों कहें कि नेमरा गांव की सड़कों और पगडंडियों पर तिल रखने की जगह नहीं थी, तो अनुचित नहीं होगा। हेमंत सोरेन को इस बात का अंदाजा था। लिहाजा घर से दूर जगह-जगह पार्किंग बनाये गये थे। यहां से घर के कुछ दूरी तक ऑटो और फिर टोटो की व्यवस्था की गयी थी। जिससे लोग पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी कर आगे गंतव्य तक जा सकते थे। यह ओटो-टोटो घर से 3-4 किमी पहले तक पहुंचा देता था। इसके बाद लोगों को पैदल ही मुख्यमंत्री के घर तक पहुंचना था। पार्किंग स्थल पर शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था आदि सुविधाएं थीं। वहीं, जितनी दूर पैदल चलना था, यानी तीन-चार किमी के बीच में पीने के पानी की व्यवस्था और स्वास्थ्य शिविर भी लगा हुआ था। स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक उपाचर की दवा के अलावा ओआरएस, ग्लूकोज आदि भी थे। ये सारी सुविधाएं मुफ्त में थीं।

### नेमरा के स्थानीय लोगों का भी रखा ध्यान:

सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से नेमरा के स्थानीय लोगों को परेशानी न हो, इसका भी मुख्यमंत्री ने विशेष ध्यान रखा था। ग्रामीणों को सुरक्षा के नाम पर परेशानी न हो, कहीं आने-जाने में रोका-टोका न जाय, इन सब से मुक्ति दिला दी गयी थी। सभी नेमरा निवासियों को गले में लटकाने के लिए आइ-कार्ड दिया गया था। इस आइ-कार्ड पर एक तरफ नमेरा परिवार लिखा था। जिसके नीचे उस व्यक्ति की तस्वीर और नाम लिखा हुआ था। वहीं, आइ-कार्ड की दूसरी ओर गुरुजी की तस्वीर लगी थी और लिखा था, दिशोम गुरु शिबू सोरेन। गांव के लोगों को कहीं आने-जाने में कोई परेशानी नहीं हो रही थी। वो बेरोक टोक आ जा सकते थे। यहां कि अपने दुपहिया वाहन से भी आना-जाना कर रहे थे।

### आने वाले हर व्यक्ति का स्वागत

मुख्यमंत्री ने ब्रह्म भोज के मौके पर दिखा दिया कि मेहमान कोई भी हो (आम या खास) सभी सम्मानित हैं। हेमंत सोरेन आने वाले हर व्यक्ति का स्वागत किया। विशिष्ट लोगों से सुरक्षा की दृष्टि से उनसे एक अलग कमरे में मिले, तो आम लोगों से पंडाल में आ कर मुलाकात की। यहां तक कि हेमंत सोरेन आम लोगों के भोजन पंडाल में पहुंचे और खाना खा रहे लोगों को नमस्कार कर अच्छे से भोजन करने का आग्रह भी किया।







www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 17 अगस्त, 2025, रविवार, वर्ष 10, अंक 297, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2082, पृष्ठ : 24+20=44, मूल्य : ₹3.00

वंदे मातरम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# सीएम और परिवार के लोगों ने रखा सभी का ध्यान

नेमरा से लौट कर बीरू कुमार

**रामगढ़।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्धकर्म शनिवार को संस्कार भोज के साथ संपन्न हो गया। इसमें शामिल होने के लिए देश भर से आम और खास लोगों का नेमरा गांव में तांता लगा रहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल संतोष गंगवार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और योग गुरु बाबा रामदेव के अलावा लाखों लोग गुरुजी को याद करने के लिए नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संस्कार भोज की व्यवस्था पर निगरानी रखी। उन्होंने नेमरा आये लोगों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा।

**दिन चढ़ने के साथ ही पहुंचने लगे लोग :** गुरुजी के संस्कार भोज में शामिल होने के लिए सुबह से ही लोग नेमरा पहुंचने लगे थे। इस कारण सड़क जाम हो गयी। दिन चढ़ने के साथ नेमरा जाने वाली सड़क पर गाड़ियों की कतार लग गयी और ट्रैफिक व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो गयी। गोला से नेमरा तक छोटे वाहन रेंगते रहे। गोला के पास का रेलवे फाटक भी यातायात व्यवस्था को बनाये रखने में बाधा बना। ट्रैफिक व्यवस्था में लगे अधिकारी दिन भर इधर से उधर भागते रहे। गोला डीवीसी चौक पर आइपीएस अंजनी झा मोर्चा संभाले हुए थे, तो उनसे कुछ ही दूरी पर मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स भी थे। गोला डीवीसी चौक के आगे भी वही स्थिति थी। हारूबेड़ा रेलवे फाटक के पहले गाड़ियों की लंबी कतार लगी थी।

**उम्मीद से अधिक लोग पहुंचे नेमरा :** अधिकारियों के अनुसार पूरी प्लानिंग जितने लोगों के आगमन को लेकर तैयार की गयी थी, उससे अधिक लोग नेमरा पहुंचे। इस कारण ही व्यवस्था बाधित हुई। संस्कार भोज में शामिल होने नेमरा पहुंचे लोगों का सीएम हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, भाई बसंत सोरेन और परिवार के अन्य सदस्यों ने पूरा ध्यान रखा। सीएम तो भोजन करनेवाले लोगों से खुद मुलाकात की और हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। सीएम और उनके परिवार के सदस्यों के इस व्यवहार की खूब सराहना हुई।












# सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने गर्व के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या मनीषा शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के आरोहण से हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा झारखंड के महामंत्री डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के निदेशक-जनरल प्रो. डॉ गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. डॉ जगनाथन चोकलिंगम और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। एनसीसी के नेतृत्व में चारों सदनों के विद्यार्थियों ने विद्यालय बैंड की ताल पर मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसने भारत के महान नेताओं के बलिदान को नमन किया। छात्रों ने ओड़िया, बांग्ला और गुजराती जैसी विभिन्न भारतीय भाषाओं में उत्साहपूर्ण प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें एई देशो एइ माटी का भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण भी शामिल था, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया और उनके दिलों को छू लिया। इन प्रस्तुतियों से वातावरण में गर्व और एकता की भावना प्रबल हो गयी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र भक्ति की गहरी अनुभूति और देशसेवा के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी को इस अवसर की बधाई दी और विद्यार्थियों को स्वतंत्रता प्राप्ति में महान नेताओं के योगदान की याद दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों में राष्ट्रवाद की भावना जगाते हुए विकसित भारत के उस लक्ष्य का स्मरण कराया, जिसे देश वर्ष 2047 तक प्राप्त करने की आकांक्षा रखता है। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास में कई ऐसे क्षण आये हैं जब इस महान राष्ट्र के अस्तित्व को चुनौती मिली। ऐसा ही एक क्षण था ऑपरेशन सिंदूर-जो भारत की सैन्य प्रतिभा और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रमाण है। हमारे वीर सैनिकों ने अतुलनीय साहस के साथ खतरे की घड़ी को शांति और सुरक्षा की विजय में बदल दिया। यह केवल सीमाओं पर लड़ी गई लड़ाई नहीं थी, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के लिए लड़ी गयी लड़ाई थी। भारतीय सैनिकों ने राष्ट्र की रक्षा के अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए विजय हासिल की।




# साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति ने फहराया तिरंगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय के प्रांगण में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है कि हम देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। साथ ही, विश्वविद्यालय के एनसीसी छात्रों के लिए रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, पूर्व में विश्वविद्यालय के छात्रावास में आग लगने की घटना के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए जान-माल की क्षति होने से बचाया था। उनके इस सराहनीय कार्य हेतु कुलपति ने प्रत्येक कैडेट को 3,100 रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी प्राचार्य, विश्वविद्यालय, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रशासनिक पदाधिकारी, एनसीसी कैडेट, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुलसचिव, संयुक्त कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, सभी विभागों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## आइआइसीसी एंड नीफ्ड संस्थान में झंडा फहराया



रांची (आजाद सिपाही)। मेन रोड स्थित आइआइसीसी एंड नीफ्ड संस्थान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। हर साल की तरह इस साल भी स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हमारे वीर सपूतों को भी याद किया गया और उनके त्याग और बलिदान का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ मो महबूब आलम ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने का मंत्र दिया और प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर आमिर आरफीन, कौशल खत्री, स्वीटी कुमारी, सपना कुमारी गुप्ता, आफरीन इरशाद उपस्थित थे।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना




रांची (आजाद सिपाही)। शारदी ग्लोबल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति के विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा शूरवीरों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। डायरेक्टर दीपक बंका ने स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई दी। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका, आकांक्षा सिन्हा, अतिथि, शिक्षक एवं छात्रवृंद उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने 26 जुलाई को दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतिष्ठित शैक्षणिक कार्यक्रम एड मेलियोरा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र टिया कुमारी एवं आद्या जिन्होने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। देबोजीत भट्टाचार्य जिन्होंने स्पेल बी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के समग्र प्रदर्शन को देखते हुए शारदा ग्लोबल स्कूल को सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी विद्यालय के खिताब से नवाजा गया।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम



रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। मुख्य अतिथि डॉ श्रेया, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ पी के सिन्हा, डॉ निशिथ एवं अदित्या स्वरूप ने छात्रों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां छात्रों को अपने इतिहास एवं संस्कृति से परिचित कराती हैं। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने कृष्ण की जीवन यात्रा के अंतर्गत श्री कृष्ण राधा संबंध, भक्ति और ईश्वर का दिव्य संबंध, माखन चोर से सामाजिक समता, श्रीमदभगवद गीता और कर्म का सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में हमें कृष्ण के गुणो जिनमें साहस, दया, ज्ञान एवं कर्म को अपनाने कि आवश्यकता है।


















## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.: 30/ET/SBP/ENGG/2025-26, दिनांक: 08.08.2025

(1) ई-निविदा सं.: 24-eT-DENS-SBP-25

**कार्य का नाम:** सम्बलपुर मंडल के टिटिलागढ जंक्शन में अतिरिक्त कमरों के प्रावधान द्वारा वर्तमान रनिंग रूम का विस्तार।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,20,73,770.88, बिड सिक्योरिटी: रु. 2,10,400.00।

(2) ई-निविदा सं.: 28-eT-DENS-SBP-25

**कार्य का नाम:** सम्बलपुर मंडल में 18 पुलों हेतु LWR निरंतर जारी रखने के लिए उपचारात्मक समाधानों की सिफारिश तथा RSI के लिए RDSO दिशानिर्देशों तथा UIC 774 3R के नवीनतम प्रावधान के अनुसार मिडास रेल-ट्रैक प्रारूप का प्रयोग कर रेल संरचना इंटरएक्टिव विश्लेषण एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 60,48,000.00 बिड सिक्योरिटी: रु. 1,21,000.00।

कार्य समापन की अवधि: 08 (आठ) महीने (क्रम सं. 1 के लिए) तथा 06 (छह) महीने (क्रम सं. 2 के लिए)।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.09.2025 को 1500 बजे (सभी क्रम सं. के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा तथा उसे किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं। निर्देश के अनुसार ई-निविदा में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए।

**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (Engg.), सम्बलपुर

PR-477/Q/25-26

## पूर्व तट रेलवे

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/25-26/E-Tender/56, दिनांक : 11.08.2025

(1) निविदा सं. eTender-NorthKUR-196-2025, दिनांक : 05.08.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के 40 संख्यक घुमावदार स्थानों पर ट्रैक माउन्टेड ऑटोमैटिक (हाइड्रोलिक टाइप) गेज फेस लुब्रिकेटर की आपूर्ति एवं संस्थापन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 350.43 लाख, EMD : ₹ 3,25,200/-

(2) निविदा सं. eTender-NorthKUR-194-2025, दिनांक : 05.08.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के नयागड - जखपुरा सेक्शन के विभिन्न यार्डों में यार्ड सुधार / उन्नयन कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 745.38 लाख, EMD : ₹ 5,22,700/-

(3) निविदा सं. eTender-NorthKUR-195-2025, दिनांक : 05.08.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के भद्रक - जेनापुर सेक्शन के विभिन्न यार्डों में यार्ड सुधार / उन्नयन कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 749.29 लाख, EMD : ₹ 5,24,700/-

**पुरा होने की अवधि:** 60 (साठ) महीने (क्रम सं.1 हेतु) एवं 18 (अठारह) महीने (क्रम सं.2 एवं 3 हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 28.08.2025 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड

PR-481/Q/25-26


# डीएसपीएमयू में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराया गया

रांची (आजाद सिपाही)। 79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में कुलपति सह आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, अंजनी कुमार मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ सिर्फ देश की आजादी नहीं है बल्कि हमें स्वतंत्र सोच, सामूहिकता और सामंजस्य के साथ देश की प्रगति में अपना सार्थक योगदान देना है। इस मौके पर उन्होंने एनसीसी और एनएसएस के कैडेटों को भी उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया। इसके उपरांत कुलपति अंजनी कुमार मिश्र ने विश्वविद्यालय के छात्रावास में भी झंडोत्तोलन कर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

# रैली 17 को

रांची। (आजाद सिपाही) 25 जुलाई को छत्तीसगढ़ के दुर्ग में दो कैथोलिक सिस्टर और एक नाबालिग आदिवासी लड़के को बेबुनियाद आरोपों में जेल भेजे जाने के विरोध में रांची के इसाई समुदाय 17 अगस्त को सड़कों पर उतरेंगे। ऑल चर्चेज कमेटी की अगुवाई में यह विरोध रैली निकाली जायेगी, जिसमें करीब 50 चर्च के सदस्य और हजारों इसाई समुदाय रैली में शामिल होंगे।

# लिटिल विंग्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायन राजेश गुप्ता कोषाध्यक्ष लायंस इस्ट निरामया अस्पताल थे। प्राचार्या नीता सिंह द्वारा पुश्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मिस रूची पारूल टोप्पो ने किया। विद्यालय निदेशक रमेंद कुमार और प्राचार्या नीता सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने झंडा फहराया



रांची (आजाद सिपाही)। स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन (ट्रांसफॉरमेशन) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, सीएमपीडीआइ ने ओड़िशा के रायगढ़ जिले में महानदी कोलफील्ड्स द्वारा विकसित किये जाने वाले 99 मेगावाट के पवन ऊर्जा संयंत्र के लिए संभाव्यता रिपोर्ट तैयार की है। यह लैंडमार्क प्रोजेक्ट, कोल इंडिया का पवन ऊर्जा के क्षेत्र में पहल कदम है, जिसमें सीएमपीडीआई प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सलाहकार (पीएमसी) के रूप में कार्य कर रहा है। उक्त बातें सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने 15 अगस्त को सीएमपीडीआइ मुख्यालय में झंडा फहराने के बाद अपने संबोधन में कहीं। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) श्री शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार समेत मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, जेसीसी सदस्य/श्रमिक प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सहायक सुरक्षा अवर निरीक्षक रामचंद्र महतो को उत्कृष्ट सेवाओं तथा डीजीआर सुरक्षा कर्मी धनंजय कुमार सिंह एवं हिमांशु कुमार घोष को पुरस्कृत किया।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सख्या : GEM/2025/B/6568737, dated:14.08.2025,

कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल के शिवपुर रनिंग रूम की सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयर टेकिंग, साफ–सफाई और बागवानी, न्यूज़ पेपर और मैगजीन आपूर्ति, कपड़ों की धुलाई एवं रहने वाले क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों (1096 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग हेतु। कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹1,49,42,601, अग्रधन राशि : ₹2,25,000/–,

ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :
ई–निविदा का बंद होना : 04.09.2025 को 17:00 बजे।
ई–निविदा का खुलना : 04.09.2025 को 17.30 बजे ।

वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट ireps.gov.in विशेष : ई– निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

मंडल सामग्री प्रबंधक (विद्युत/परि./ पूमरे/धनबाद

पीआर/0780/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/36













## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में डीसी ने किया ध्वजारोहण, तिरंगे को दी सलामी

# धनबाद के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन कृत संकल्पित: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को डीसी सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इससे पूर्व उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ परेड की सलामी ली। इसके बाद सभी जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों, अधिकारियों, मीडियाकर्मियों एवं धनबाद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अविस्मरणीय दिवस पर वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनको नमन किया। उन महान हस्तियों को भी याद और नमन किया जिन्होंने एक संवैधानिक व्यवस्था के तहत स्वतंत्र एवं एकीकृत भारत की नींव रखी। इस दौरान आपसी सौहार्द एवं एकता को बनाये रखते हुए अपने जिला, राज्य एवं देश को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने व सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र निर्माण में अपना यथा शक्ति योगदान देने का संकल्प लेने का अनुरोध किया। डीसी ने कहा कि धनबाद जिले के सर्वांगीण विकास के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा और अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**डीएमएफटी से चलाई जा रही है 187 से अधिक योजना :** डीसी ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) में प्राप्त राशि से जिले में शिक्षा, पेयजलापूर्ति, आधारभूत संरचना सहित स्थानीय आवश्यकता के अनुसार 187 से अधिक विकास योजनाएं चलाई जा रही है। इसमें जिला के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में चहारदीवारी, अतिरिक्त वर्ग कक्ष, शौचालय एवं मल्टीपरपज हॉल के निर्माण के लिए लगभग 9.13 करोड़ रुपए की 33 योजना, एक गांव को दूसरे गांव और ग्रामीण पथ को मुख्य पथ से जोड़ने के उद्देश्य से पथों के मजबुतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 50.58 करोड़ की 82 योजना, पेयजलापूर्ति प्रक्षेत्र के तहत धनबाद जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से जलापूर्ति करने के उद्देश्य से लगभग 61.18 करोड़ रुपये से 92 योजनाओं पर स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों का महिला पर्यवेक्षिका की ओर से 'नो कॉस्ट लो कॉस्ट, में सर्वेक्षण कराया गया। मूल्यांकन के दौरान 200 में से 170 अंक पाने वाले 350 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में कायाकल्प किया जाएगा। विभिन्न प्रखण्डों के 21 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 3.23 करोड़ रुपए की योजना डीएमएफटी से स्वीकृत की गई है।

### तीन कॉलेज में हो रहा पुस्तकालय का निर्माण

डीसी ने कहा कि धनबाद जिले के सभी प्रखण्डों में ऐसे भवन जो उपयोग में नहीं हैं या जर्जर अवस्था में है, उसकी मरम्मति एवं निर्माण कर समावेशी शिक्षा के उद्देश्य से पुस्तकालय का निर्माण किया जाना है। प्रथम चरण में आरएस मोड़ कॉलेज गोविंदपुर, बीबीएम कॉलेज बलियापुर एवं सिंदरी कॉलेज में पुस्तकालय का निर्माण का कार्य प्रगति पर है। साथ ही जिला में सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम वर्ष 2025 में मैट्रिक में 91.55 फीसदी, इंटरमीडिएट के विज्ञान संकाय में 77.99 फीसदी, वाणिज्य संकाय में 94.34 फीसदी और कला संकाय में 97.64 फीसदी रहा है। जबकि प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत जिले के सभी उच्च विद्यालयों के दो शिक्षकों एवं सभी सीआरसी/ बीआरपी का प्रशिक्षण कराया जा चुका है। उधर, 'झरिया विहार' विस्थापित कॉलोनी, बेलगड़िया में रहने वाले विस्थापित परिवारों के आजीविका के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम का संचालन किया जा रहा है। ऑगनबाड़ी केंद्र, खेल-कूद के लिए प्रशिक्षण, एटीएम, पुलिस आउटपोस्ट की स्थापना एवं बेलगड़िया आवासीय कॉलोनी में रह रहे विस्थापित परिवारों को राशन कार्ड का सृजन, पेंशन, जन वितरण प्रणाली, जन औषधि केन्द्र, आधार कार्ड, स्वयं सहायता समूह का सृजन, केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभावित करने के लिए कॉलोनी विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अपने संबोधन में डीसी ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पेय जलापूर्ति एवं स्वच्छ भारत मिशन, कल्याण, वन प्रमण्डल, विधि व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कहा कि राष्ट्रपति के धनबाद आगमन के अवसर पर विभिन्न योजनाओं एवं झारखण्ड राज्य के विकास के संदर्भ में आमजनता में जागरूक्ता फैलाने के दृष्टीकोण से प्रचार-प्रसार के लिए 22000 स्क्वायर फीट हॉडिंग एवं 60,000 पेंटिंग स्ट्रक्र का अधिष्ठापन कराया गया है। इसके अतिरिक्त हॉडिंग एवं पेंटिंग स्ट्रक्र का अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम दुबे एवं एओली बसु ने किया। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, डीडीसी सादात अनवर, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह आदि मौजूद थे।



परेड में सलामी लेते डीसी आदित्य रंजन एवं अन्य गणमान्य।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 2,73,632 लाभुकों को दिया गया 1372.4 करोड़ रुपये का ऋण



प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अंतर्गत धनबाद जिला में अब तक 2,73,632 लाभुकों को 1372.4 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया। महिला स्वयं सहायता समूह योजनांतर्गत 4043 महिला समूहों को बैंक से जोड़ते हुए उन्हें 63.57 करोड़ रुपये वितरित किया गया। जबकि पीएम स्वनिधि के तहत 15,675 स्ट्रीट वेंडर्स को 313 करोड़ की राशि वितरित की गई है। वहीं, शिक्षा ऋण के अंतर्गत इस वर्ष 1069 से अधिक विद्यार्थियों को लगभग 14.35 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया एवं आवास ऋण अंतर्गत 423 लाभुकों को लगभग 40.43 करोड़ ऋण उपलब्ध कराया गया।

### मंइयां सम्मान योजना में 3,53,199 लाभुकों को जुलाई तक का भुगतान

डीसी ने कहा कि धनबाद जिले में 'झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' में 3,53,199 लाभुकों को जुलाई 2025 तक भुगतान किया जा चुका है। जबकि जिला अंतर्गत केंद्र पेंशन योजना में 83,598 एवं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में 1,84,978 पेंशनधारियों की संख्या मिलाकर कुल 2,68,576 है। जिसमें केंद्र पेंशन योजना में लाभुकों को जून तक एवं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में लाभुकों को अगस्त तक का भुगतान किया जा चुका है। स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्वभौमिक टीकारण कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क और समय पर टीके उपलब्ध कराये जा रहे है। बताया कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (ग्रीन) अंतर्गत 1,87,433 सदस्यों को आच्छादित करते हुए 64,742 ग्रीन कार्ड निर्माण किया गया है। वर्तमान में सभी ग्रीन कार्ड धारकों को 5 किग्रा चावल, चना दाल एवं नमक वितरित किया जा रहा है। वहीं, सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत धनबाद जिला में वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय छह माही के लिए इस जिले में सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत 5,06,899 परिवारों को आच्छादित करने का लक्ष्य है। लाभुकों के बीच वस्त्रों का वितरण जारी है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के 320 लाभुकों को कराया गृह प्रवेश

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्के और सुरक्षित आवास प्रदान करने की दिशा में किफायती आवास के तहत धनबाद नगर निगम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में धनबाद नगर निगम के बरामुड़ी में 320 लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। इस मौके पर मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अलावा सांसद, विधायक आदि उपस्थि रहे। दूसरी ओर, धनबाद शहर में ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीकृत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण आमझर, बलियापुर में प्रगति पर है। इससे शहर की स्वच्छता और भी सुदृढ़ एवं सतत हो सकेगी। शहरी क्षेत्र में निर्माण कार्यों से उत्पन्न मलबे एवं विध्वंस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान के लिए धनबाद नगर निगम की ओर से 125 टन प्रतिदिन क्षमता वाले सी एंड डी वेस्ट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथी ही डीसी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में धनबाद को देशभर के मिलियन प्लस शहरों में 35वां एवं झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नगर निगम की प्रशंसा की।

## ऑपरेशन सिंदूर पर बच्चों की लघु नाटिका की सराहना



मिहिजाम में देशभक्ति के साथ मना 79वां स्वतंत्रता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**मिहिजाम/बोकारो।** मिहिजाम क्षेत्र के विभिन्न सरकारी संस्थान, गैर सरकारी संस्थान, स्कूल, कॉलेज सहित सभी कोचिंग सेंटर में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनायी गयी। वहीं, चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर एक साथ तीन स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। स्टेशन पर तैनात आरपीएफ पोस्ट में पीपी प्रभारी अशोक कुमार, जीआरपी पोस्ट पर पीपी प्रभारी विमल कुमार एवं स्टेशन प्रबंधक ऐके शर्मा ने झंडा फहराकर वीर शहीदों को नमन किया। वहीं, मिहिजाम थाना में थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे, पूराना नगर परिषद कार्यालय परिसर में कार्यपालक पदाधिकारी गोपेस कुम्भकार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष कमल गुप्ता ने लोगों को संबोधित किया। वहीं बंगान स्थित सृजन पब्लिक स्कूल में नन्हे बच्चे बच्चियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वीरेंद्र कुमार पांडे शामिल हुए। उन्होंने स्कूल में ध्वजारोहण भी किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, विद्यालय की अध्यक्षा सविता तिवारी ने अभिभाषण में हमारे सेनानियों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की एवं बच्चों को स्वतंत्रता दिवस ये महत्व के बारे में अवगत कराया। प्राचार्य सीमा रानी एवं उप प्राचार्या राखी सिंह ने मुख्य अतिथि और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का संकल्प दिलाया। इस दौरान स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके द्वारा प्रस्तुत ऑपरेशन सिंदूर लघु नाटिका को सभी ने सराहा। वहीं, समारोह के सफल संचालन में शिक्षिका अर्पिता बनर्जी, श्वेता ओझा, अविनाश कौर, रीतू मेहता, नीतू साओ, एंजेल दास, महिमा दास, रिम्पा विश्वास, सविता दत्ता एवं खेल शिक्षक सुब्रदीप साद्या की भूमिका सराहनीय रही।




## प्रतिनिधियों ने की नये परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात



**जारंगडीह (आजाद सिपाही)।** श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के जारंगडीह शाखा के प्रतिनिधियों ने कोलियरी परियोजना में नव पद स्थापित परियोजना पदाधिकारी पीके सेनगुप्ता से मुलाकात किया। यहां श्रमिक से जुडी विभिन्न समस्साओं को रखा। परियोजना पदाधिकारी ने वार्षिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी का सहयोग लेकर लक्ष्य की प्राप्ति करने की बात कही। वहीं, संगठन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि नियमित पीसीसी, सेफ्टी, वेलफेयर की बैठक से सभी चीजों का हल होगा। वहीं, क्षेत्रीय सचिव ने कहा कि श्रमिक के हर सुख दुःख में प्रबंधक ख्याल रखें। श्रमिक उत्पादन कार्य में भरपूर सहयोग देने का कार्य करेंगे। कहा कि दुर्गापूजा और गांधी जयंती के एक ही दिन पेड़ हॉलीडे होने की वजह से श्रमिकों का एक दिन का पीएचडी का नुकसान हो जाएगा। इसका ख्याल रखा जाना चाहिए। वहीं, पीओ ने कहा कि इसके लिए क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर ही उचित दिशा निर्देशित होने का ही कार्य हो पाएगा। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने बुके देकर नये पीओ का स्वागत करते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष जेजे सांगा, सचिव खगेश्वर रजक, कथारा क्षेत्र के सहायक सचिव सतीश वर्णवाल, संगठन सचिव विकास सिंह, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रजक, राम प्रसाद मांझी, लक्ष्मी रजवार, भोला मांझी, माणिक चंद धोबी, हिना भुइयां, शिशिर बर्तिया और खादू राय आदि उपस्थित थे।




## देवघर के कल्याणपुर में मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**देवघर/कल्याणपुर (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर कल्याणपुर मोहल्ला में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य पूजा-अर्चना की गयी। पूरे मुहल्ले में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। भक्तों ने उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान सुबह 10 बजे आकर्षक झांकी निकाली गई। मुरली मनोहर श्रीकृष्ण की आरती के साथ ही भजन-कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। देर रात तक भक्तगण पूजा-पाठ एवं भजन में शामिल रहे। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर एवं आस-पास की गलियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बार जन्माष्टमी का आयोजन पिछले वर्षों की तुलना में और भी भव्य रहा।






# व्यवहार कुशल और मिलनसार थे रामदास सोरेन : डॉ लंबोदर महतो



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन जहां राज्य एवं देश के लोग शोकाकुल एवं दुःखी हैं, वहीं रामदास सोरेन का भी हम सब के बीच से चला जाना अत्यंत दुखद घटना है। उनका निधन राज्य के लिए बड़ी क्षति है। पूर्व विधायक ने कहा कि रामदास सोरेन व्यवहार कुशल व मिलनसार व्यक्ति थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवगंत आत्मा की शांति एवं परिजनों को ताकत प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# झारखंड की राजनीति में अपूरणीय क्षति : राजेंद्र प्रसाद



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर झारखंड आंदोलनकारी एवं मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने शोक प्रकट किया है। ईश्वर से प्रार्थना है। उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य दें। श्री प्रसाद ने कहा कि स्व रामदास सोरेन ने झारखंड राज्य के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन के निधन के बाद रामदास सोरेन का निधन झारखंड की राजनीति के दृष्टिकोण से दूसरी बड़ी क्षति है।















































































स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**लालू प्रसाद यादव**

राजद प्रखंड अध्यक्ष
लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**गजेंद्र रजक**

प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोटम
लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**कैलाश भारती**

भावि उम्मीदवार प्रत्याशी
सिमरिया विधानसभा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रसाद भारती**

जिला परिषद सदस्य
लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रमोद तूरी**

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष
लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मिसी देवी**

मुखिया पंचायत कटिया
लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**समोध भोक्ता**

झामुमो प्रखंड सचिव
कुंदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**श्याम भोक्ता**

युवा समाजसेवी
कुंदा, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अजीत राम**

वन क्षेत्र पदाधिकारी
कुंदा प्रक्षेत्र, चतरा उतरी वन प्रमंडल, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**बसंत भोक्ता**

भाजपा बूथ अध्यक्ष
मेदवाडीह कुंदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अमलेश भारती**

उपमुखिया पंचायत
कुंदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**पृथ्वी गंझू**

पूर्व जिला परिषद
कुंदा, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मुकेश कुमार यादव**

पंचायत सचिव नवादा एवं
सिकीदाग, कुंदा, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अनीता देवी**
मुखिया, सिकीदाग पंचायत

**अखिलेश यादव**
समाजसेवी, कुंदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**ज्ञानती देवी**
पूर्व मुखिया सिकीदाग पंचायत

**अनिल यादव**
समाजसेवी, कुंदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**लालू प्रसाद यादव**

युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष
कुंदा प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**दिलीप प्रसाद यादव**

राजद जिला उपाध्यक्ष
कुंदा, प्रखंड चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**नीखी देवी**
उपमुखिया पंचायत, बोधाडीह

**बिक्रम राम**
समाजसेवी, कुंदा प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मदन चौधरी**

मुखिया ग्राम पंचायत पनारी
नवाडीह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**शिव शंकर यादव**

राजद नेता
हंटरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**देव लाल यादव**

राजद नेता
हंटरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विपिन कुमार**

प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य
विद्यालय, गोखाना, हंटरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**आशुतोष स्टोन**

वकर्स एवं कौलेश्वरी इंफ्राकॉन
प्राइवेट लिमिटेड एंड चौहान फीलिंग
स्टेशन हंटरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**कासिम अंसारी**

थाना प्रभारी
प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**रविता देवी**
समाजसेवी

**संतोष राणा**
भाग 1 जिला परिषद, प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अरुण कुमार साहू**

सहायक शिक्षक राजकीय उत्क्रमित
मध्य विद्यालय बामी, प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मनोज कुमार राजक**

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामी
प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रकाश कुमार**

जर्नलिस्ट समाजसेवी
प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मनीष सिंह**

पंचायत बरुरा मुखिया
प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**आशीष भारती**

पंचायत योगियारा मुखिया
प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**इंजी. सुबोध पासवान**

पूर्व विधायक प्रत्याशी
(चतरा विधानसभा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**छठू सिंह भोक्ता**

राजद विस सूत्री अध्यक्ष
लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रदीप तूरी**

पश्चिमी भाग पंचायत समिति
पंचायत हेडूम लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**महमूद खान**

उप प्रमुख
लावालौंग, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**भरत यादव**

मुखिया नवादा पंचायत
कुंदा, चतरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**कमला देवी**
प्रमुख प्रखंड कुंदा

**जयराम भारती**
समाजसेवी, कुंदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मुरली राम**

पंचायत सचिव बोधाडीह
पंचायत कुंदा प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अरुण कुमार मुंडा**

अंचल अधिकारी
हंटरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**इंद्रदेव यादव**

संच प्रमुख एकल अभियान
प्रतापपुर (चतरा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**पूनम कुमारी**
समाजसेवी

**अशोक यादव**
पंचायत गजवा मुखिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सुषमा कुमारी**

कस्तूरबा बालिका विद्यालय वार्डन
प्रतापपुर (चतरा)


संतोष सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार
दैनिक आजाद सिपाही
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
राकेश कुमार सिंह
वरिष्ठ समाजसेवी,
पंचायत बालू
(बालूमाथ)


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
अनुभव सिन्हा
प्रभारी पुलिस पीकेट
अमरवाडी, बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
मो. इमरान
समाजसेवी सह लातेहार
जिला जेएमएम पूर्व
संयुक्त सचिव -बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
सोनू सिंह
वरिष्ठ समाजसेवी कोमर
प्रखंड सह पुलिस
अनुमंडल बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
प्रदीप यादव
भाजपा मंत्री सह वरिष्ठ
समाजसेवी प्रखंड
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
रौशन कुमार साहू
कर्मठ समाजसेवी
प्रखंड बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
मंगेश्वर यादव जी
अध्यक्ष भारतीय जनता
युवा मोर्चा-सह समाजसेवी
मंडल बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
आशिष भारद्वाज
वरिष्ठ समाजसेवी
शिवम हास्पिटल सेरेगड़ा
रोड बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
मुकेश कुमार सिंह
भाजपा जिला उपाध्यक्ष /
कोल व्यवसायी सह
वरिष्ठ समाजसेवी
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
प्रदीप साहु (पुटुन)
लक्ष्मी इंटरप्राइजेज
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
डॉ. विनोद कुमार
श्री हास्पिटल पांकी रोड
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
मो. जुनैद अनवर साहब
नेता वरिष्ठ अल्पसंख्यक
मोर्चा
बालूमाथ, झारखंड प्रदेश


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
भाई रंजीत कुमार यादव
वरिष्ठ समाजसेवी
सेरेगड़ा
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
रंजीत जयसवाल
वरिष्ठ भाजपा नेता सह
समाजसेवी प्रखंड
हेरहंज
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
विनोद कुमार रवानी
एसडीपीओ
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
अरुण कुमार साहू
संवेदक आयुष्मान
काउंट्रेक्शन
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
प्रकाश बड़ाइक
प्रभारी चिकित्सा
पदाधिकारी सीएचसी
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
अमरेंद्र कुमार सिंह
थाना प्रभारी
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
रूबी बानो
प्रचार्या राजकीय कृत
उच्च विद्यालय +2 प्रखंड
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
उपेन्द्र यादव
लातेहार विधानसभा खनन
विभाग विधायक प्रतिनिधि,
हेरहंज /बालूमाथ
अरविंद यादव
समाजसेवी जनमानस
विकास सोसायटी


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
श्री रामजी ठाकुर
प्रभारी पुलिस पिकेट
मकईयाटांड
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
प्रदीप गंझू
प्रखंड अध्यक्ष, झारखंड
मुक्ति मोर्चा सह मजदूर
कामगार युनियन जिला
अध्यक्ष बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
ममता देवी
प्रमुख प्रखंड
बालूमाथ।


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
सदाला सत्यनारायण
मो. साजिद खान
परियोजना पदाधिकारी चमातू, भगध संघमित्रा


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
अनिता देवी
जिला परिषद उपाध्यक्षा
बालूमाथ( लातेहार )
प्रवीण सिंह
एसडीएम


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
नरेश लोहरा
वरिष्ठ समाजसेवी सह
मुखिया बालूमाथ, एवं
समस्त मुखिया संघ परिवार


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
सोमा उरांव
बीडीओ और समस्त
प्रखंड कार्यालय परिवार
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
चंद्रदीप प्रसाद
गुप्ता
अध्यक्ष
मो शहनवाज
आलम
सचिव
देवपाल प्रसाद
कोषाध्यक्ष
लातेहार हाइवा संघ एसोसिएशन बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
डॉ. एचपी गुप्ता
जीएनएम, सेवा सदन
पांकी रोड बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
मो. मोजमील
हुसैन साहब
कोयला व्योसायीक सह
समाजसेवी प्रखंड
बालूमाथ


स्वतंत्रता दिवस की बालूमाथ वासियों को हार्दिक बधाई
मनोज यादव
झारखंड मुक्ति मोर्चा के
वरिष्ठ नेता सह लातेहार
जिला कोषाध्यक्ष,
बालूमाथ

# चुनौतियां नयी संकल्प वही

भाषण अगर याद रखे जाने लायक कहा जायेगा तो सिर्फ इसलिए नहीं कि यह उनका अब तक का सबसे लंबा भाषण रहा या लाल किले के प्राचीर से उन्होंने लगातार बारहवीं बार राष्ट्र को संबोधित किया, जिसका मौका पंडित जवाहरलाल नेहरू के अलावा किसी और प्रधानमंत्री को नहीं मिला। जिन हालात में और जिन चुनौतियों के बीच पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया, वे भी इस भाषण को अहम बना रहे थे।

**मेक इन इंडिया पर जोर :** आज अमेरिका टैरिफ वॉर के जरिये अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश कर रहा है, जबकि चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स को हथियार बनाया हुआ है। इन सबके बीच भारत को तरक्की जारी रखने के लिए रास्ता तलाशना ही होगा। स्वाभाविक ही प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर खासा जोर दिया। उन्होंने क्रिटिकल अर्थ मिनरल्स, तेल और गैस, सेमीकंडक्टर से लेकर हथियारों तक में आत्मनिर्भरता की बात की। दुनिया जिस तरह से बदल रही है, उसमें यह जरूरी भी है कि दूसरों पर निर्भरता कम करने पर ध्यान दिया जाये।

**स्वाभाविक ही प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर खासा जोर दिया। उन्होंने क्रिटिकल अर्थ मिनरल्स, तेल और गैस, सेमीकंडक्टर से लेकर हथियारों तक में आत्मनिर्भरता की बात की।**

**लक्ष्य पाना संभव :** अभी देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का योगदान केवल 12% है और ग्लोबल सप्लाई में केवल 2.8%। इसकी तुलना में चीन दुनिया के लिए 28.8% सामान बना रहा है। इस साल अप्रैल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार अगले दो दशकों में मैन्युफैक्चरिंग को जीडीपी के 23% के बराबर करना चाहती है। सरकार ने जो लक्ष्य तय किया है, वह नामुमकिन बिल्कुल नहीं है।

**गुणवत्ता की कद्र:** ऑटो इक्विपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, खासतौर पर आईफोन का उदाहरण बताता है कि भारत में वैश्विक जरूरतों को पूरा करने की क्षमता है। एपल करीब 20% आई फोन अब भारत में बना रही है, जबकि कभी चीन इसका केंद्र हुआ करता था। हालांकि पीएम मोदी ने ठीक ही ध्यान दिलाया कि दुनिया गुणवत्ता की कद्र करती है और अगर ग्लोबल मार्केट में भारत की छवि को चमकाना है, तो हाई क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स बनाने होंगे।

**चुनौतियों पर नजर:** अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए पीएम मोदी चुनौतियों की ओर संकेत करना भी नहीं भूले। उन्होंने न केवल किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की बात की बल्कि सिंधु जल समझौते को मौजूदा स्वरूप में स्वीकार न करने की दो टूक घोषणा भी कर दी। स्पष्ट है कि भारत किसी भी सूरत में अवांछित दबाव को स्वीकार नहीं कर सकता। लेकिन इसे लेकर भी कोई भ्रम नहीं होना चाहिए कि भारत की आत्मनिर्भरता का मतलब बाकी दुनिया से कटना नहीं है। परस्पर सम्मान और सहयोग के आधार पर तालमेल के साथ आगे बढ़ते हुए ही भारत अपनी मंजिल तय करेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**14 फरवरी 1628 को शाहजहां का राज्याभिषेक हुआ। उन्होंने कुछ साल तक आगरा से शासन किया। फिर उसने नयी राजधानी के लिए दिल्ली को चुना। यह वाली दिल्ली थी, जो कई बार उजड़ी और फिर बसी थी। यही नहीं इसके नाम भी बदलते रहे थे। यमुना नदी के तट पर शाहजहां के आदेश पर उस्ताद अहमद और उस्ताद हमीद नाम के दो आर्किटेक्ट ने इस शहर की नींव 1639 में रखी। शाहजहां ने खुद लाल किले की देखरेख की। नयी राजधानी बनने में नौ साल लगे। इसका नाम शाहजहां के नाम पर शाहजहांनाबाद रखा गया।**

# भारत की ऐतिहासिक धरोहर है लाल किला



**डॉ मोहम्मद जाकिर**

बाबर ने 16वीं शताब्दी के शुरुआत में मुगल साम्राज्य की नीवं रखी, लेकिन अकबर ने मजबूती प्रदान किया. मुगलों के लिए दिल्ली से ज्यादा महत्व आगरा और लाहौर का था। अकबर ने आगरा और लाहौर को अपनी राजधानी के लिए चुना। जहांगीर को भी शहर लाहौर शहर पसंद था। 14 फरवरी 1628 को शाहजहां का राज्याभिषेक हुआ। उन्होंने कुछ साल तक आगरा से शासन किया। फिर उसने नयी राजधानी के लिए दिल्ली को चुना। यह वाली दिल्ली थी, जो कई बार उजड़ी और फिर बसी थी। यही नहीं इसके नाम भी बदलते रहे थे। यमुना नदी के तट पर शाहजहां के आदेश पर उस्ताद अहमद और उस्ताद हमीद नाम के दो आर्किटेक्ट ने इस शहर की नींव 1639 में रखी। शाहजहां ने खुद लाल किले की देखरेख की। नयी राजधानी बनने में नौ साल लगे। इसका नाम शाहजहां के नाम पर शाहजहांनाबाद रखा गया। राजधानी में एक किला बनाया गया, जिसे 'किला-ए-शाहजहांनाबाद' या 'किला-ए-मुअल्ला' (महान) किला कहा गया। इस किले का नाम लाल किला इसके लाल पत्थर के कारण पड़ा। लाल किले के दीवारों की चौड़ाई लगभग 2.4 किलोमीटर है और इसकी ऊंचाई 18 मीटर से 33 मीटर तक है। कई प्रवेश द्वार और इसमें 21 बुर्ज थे। यह किला मुगल एवं भारतीय संस्कृति, कला और वास्तुकला के उत्कृष्ट उदाहरणों में से एक है। इस किले के अंदर एक पूरा शहर बसा था, जिसमें दरबार, महल, भवन, बाजार, बड़े-बड़े गार्डंस, बैरक आदि थे। 1648 में ये किला पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया। शाहजहां दिल्ली आये और शाही जुलूस के साथ किले के अंदर गये करीब 10 सालों तक शाहजहां यहीं से हिंदुस्तान की सल्तनत को चलाते रहे।

**लाल किले की महत्व को कम करने के लिए अंग्रेजों ने राजधानी को कलकत्ता बना दिया।**



**राजधानी में एक किला बनाया गया, जिसे 'किला-ए-शाहजहांनाबाद' या 'किला-ए-मुअल्ला' (महान) किला कहा गया। इस किले का नाम लाल किला इसके लाल पत्थर के कारण पड़ा। लाल किले के दीवारों की चौड़ाई लगभग 2.4 किलोमीटर है और इसकी ऊंचाई 18 मीटर से 33 मीटर तक है। कई प्रवेश द्वार और इसमें 21 बुर्ज थे।**

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेशनल पब्लिक स्कूल, थाना रोड, सिसई में 79 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी उरांव,एच एम योगेन्द्र बड़ाइक व प्रबंध निदेशक महमूद आलम अंसारी द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के परेड कैडेट द्वारा विद्यालय परिसर के अलावा शहीद शेख भिखारी चौक, शहीद लोहरा उरांव स्मारक व सिसई थाना में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और देशप्रेम की झलक देखने को मिली। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड में स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया गया। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव एवं उप प्रमुख चंदन सिंह द्वारा प्रखंड मुख्यालय में स्थित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद ध्वजारोहण एवं झंडा तोलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। झंडोतोलन के बाद प्रखंड कार्यालय के मैदान में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिशुनपुर स्थित प्लस टू हाई स्कूल के स्टेडियम में जनप्रतिनिधि इलेवन बनाम प्रशासन इलेवन के बीच फ्रेंडली फुटबॉल मैच आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासन इलेवन ने जनप्रतिनिधि इलेवन को हराकर जीत हासिल की। इसी स्टेडियम में पिछले तीन दिनों से चल रहे खासी टूर्नामेंट का फाइनल मैच भी सम्पन्न हुआ। सीनियर वर्ग में ब्लैक ब्रदर्स ने सीएम घाघरा को हराकर खिताब जीता, जबकि जूनियर वर्ग में जटिया स्कूल के बच्चों ने बनारी को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, थाना प्रभारी अर्जुन कुमार महतो, उप प्रमुख चंदन सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किया गया।

## अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फॉर्मेसी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा 15 अगस्त 2025 को हमारे कॉलेज परिसर में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव इंद्रजीत भारती द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद किया। भाषण और प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने आजादी के महत्व और हमारे वीर सेनानियों के योगदान को बताया। सचिव इंद्रजीत भारती ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे वीरों ने त्याग और बलिदान देकर हमें यह आजादी दिलाई है। हमें उनके गौरव और गरिमा को बनाए रखना है तथा यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने देश की रक्षा एवं उन्नति में योगदान दें।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी शिक्षक और कॉलेज के बच्चे उपस्थित थे।




# पत्रकारिता जगत के एक मजबूत स्तंभ थे हरिनारायण सिंह



**बीरू कुमार**

झारखंड के लब्ध प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार, संपादक हरिनारायण सिंह का मात्र 68 वर्ष की उम्र में इस दुनिया से अलविदा हो जाना हिंदी पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति के समान है। हिंदी पत्रकारिता जगत ने एक मजबूत कलमकार को खो दिया है । सर हरिनारायण सिंह का संपूर्ण जीवन हिंदी पत्रकारिता को समर्पित रहा था। उनका हल्का मुस्कान बिखेरता चेहरा सदा लोगों को याद दिलाता रहेगा। वे बाहर से जितने सहज, सरल और भोले दिखते थे, अंदर से उतने ही निर्मल मन के भी थे। वे विपरीत परिस्थितियों में भी अनुकूल रहा करते थे। उनका स्थिर पन, शांत प्रिय स्वभाव जीवन के अंतिम क्षणों तक बना रहा था ।

**इंसानी रिश्तों और मानवीय संवेदनाओं को भी अन्तर्मन से महत्व दिया करते थे**

वे जिस तरह आजीवन पत्रकारिता के प्रति गंभीर रहे, उसी गंभीरता से इंसानी रिश्तों और मानवीय संवेदनाओं को भी अन्तर्मन से महत्व दिया करते थे।उनका जन्म हिंदी पत्रकारिता को एक गति प्रदान करने के लिए हुआ था। कोई जान भी नहीं पाए कि हरिनारायण सर इतनी जल्दी हंसते मुस्कुराते गुजर जाएंगे। मैं, उनसे जब भी मिला, पत्रकारिता की कुछ नई बातें सीखने को मिली। वे बोलते काम जरूर, लेकिन जब भी बोलते, सारगर्भित बातें ही होती थीं। उनसे मिलकर पत्रकारिता के क्षेत्र में कुछ नया करने की ऊर्जा संचारित हो जाती थी। ऐसा था, हरिनारायण सिंह जी का व्यक्तित्व। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के पातेपुर में जरूर हुआ था। लेकिन सच्चे अर्थों में वे एक पत्रकार के रूप में झारखंड के लिए ही आजीवन समर्पित रहे थे।

**रांची आने के बाद झारखंड के ही होकर रह गए थे :** रांची आने के बाद झारखंड के ही होकर रह गए थे । उन पर पत्रकारिता का ऐसा जुनून सवार रहता था कि कई रिश्तेदारों से बहुत दिनों तक मिल नहीं पाते थे। उन्होंने झारखंड को सिर्फ समझा ही नहीं बल्कि आत्मसात भी किया। वे झारखंड की संस्कृति में पूरी तरह घुल मिल गए थे। उन्होंने झारखंड की रीति रिवाज, संस्कृति, बोलचाल और रहन-सहन को बहुत ही अंदर से वरण भी किया था । सर हरिनारायण सिंह के संबंध में देश के जाने-माने साहित्यकार स्वर्गीय डॉ भारत यायावर ने कहा था कि 'हरिनारायण सिंह को पत्रकारिता की बहुत ही अच्छी समझ है । वे विभिन्न विषयों पर सटीक टिप्पणी दर्ज कर पत्रकारिता की धार को मांजते रहते हैं।

**समाज को कैसे जागृत किया जाए ?**

जब हरिनारायण सिंह कोलकाता से निकलने वाली पत्रिका रविवार में एक टाइपिस्ट के रूप में कार्यरत थे । तब भारत यायावर से उनकी बराबर मुलाकात होती रहती थी। उन दोनों के बीच की घंटों बातचीत होती थी । उन दोनों के बीच होने वाली बातचीत का विषय, पत्रकारिता, साहित्य और विविध विषयों पर लिखे जा रहे सामग्रियों के माध्यम से समाज को कैसे जागृत किया जाए ? देश के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश जी के साथ ही सर हरिनारायण सिंह जी का 1989 में प्रभात खबर के बहाने रांची आना हुआ था । तब झारखंड आंदोलन अपने चरम पर था। झारखंड अलग प्रांत शीघ्र अति शीघ्र कैसे बने ? इसको लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में लंबे समय से संघर्ष चला आ रहा था । लेकिन बिहार सरकार द्वारा एक राजनीति तहत झारखंड को अलग प्रांत का दर्जा प्रदान नहीं किया जा रहा था। इस बात को प्रभात खबर के संपादक हरिवंश और हरिनारायण सिंह समझ रहे थे। उन दोनों ने एक योजना बद्ध तरीके से झारखंड अलग प्रांत आंदोलन के संघर्ष को प्रमुखता के साथ प्रभात खबर में छापना प्रारंभ किया ।



## अचानक चले जाने से एक तरह से पत्रकारों ने मार्गदर्शन को खो दिया

वे उन सभी का मार्ग प्रशस्त किया करते थे । उनका इस तरह अचानक चले जाने से एक तरह से पत्रकारों के मार्गदर्शन को खो देने के समान है। नए पत्रकार, पत्र के संपादक से सीधे तौर पर मिलने से डरते रहे हैं । लेकिन भाई हरिनारायण सिंह ने पत्रकारों के लिए अपने घर का दरवाजा हमेशा खोल कर रखा। एक बार हजारीबाग के एक समाजसेवी सुवेंदु जयपुरियार के आमंत्रण पर एक पुस्तक मेले का उद्घाटन करने के लिए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हरिनारायण सिंह का हजारीबाग में आना हुआ था । उक्त आयोजन में प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा, कवि डॉ शंभू बादल, कथाकार पंकज मित्र, कथाकार मन्मत मिश्रा, स्वर्गीय दिनेश चंद्र प्रवासी आदि सम्मिलित हुए थे । उस पुस्तक मेला में भाई हरिनारायण सिंह ने कहा कि 'पुस्तक क्या है ? पुस्तक ज्ञान के लिए बहुत ही जरूरी है। हम सब पुस्तक पढ़ते जरूर हैं, लेकिन ही कुछ दिनों में भूल जाते हैं । इसका सबसे बड़ा कारण है, पुस्तक पढ़ने का तरीका। इस तरीके को बदलने की जरूरत है । पुस्तक ज्ञान की देवी हैं ।

**एक न एक दिन झारखंड अलग प्रांत बनकर रहेगा?**

इसी दौरान हमारी कई मुलाकातें हरिवंश जी से और भाई हरिनारायण सिंह से होती रही थी। एक बार हरिनारायण सिंह ने मुझसे कहा था कि 'देखिए ! एक न एक दिन झारखंड अलग प्रांत बनकर रहेगा। इस संघर्ष में झारखंड से प्रकाशित होने वाले तमाम पत्र भी अपनी अपनी महती भूमिका अदा कर रहे हैं। बस जरूरत है, झारखंड अलग प्रांत संघर्ष से जुड़े नेता गण पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ आंदोलन करें। इसके साथ ही झारखंड के लेखक गण, पत्रकार और बुद्धिजीवी भी इससे संबंधित अपनी सामग्रियां अखबारों और पत्रिकाओं में प्रकाशित कराते रहें। ताकि केंद्र सरकार और बिहार सरकार इस आंदोलन की गंभीरता को समझ सके।' उन्होंने झारखंड अलग प्रांत आंदोलन के औचित्य पर मेरे कई आलेखों को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। सच्चे अर्थों में भाई हरिनारायण सिंह एक पत्रकार के साथ ही झारखंड अलग प्रांत संघर्ष के सिपाही भी थे। जब उन्होंने प्रभात खबर छोड़कर हिंदी दैनिक हिंदुस्तान से स्थानीय संपादक के रूप में जुड़कर जो किया, उसे कभी विस्तृत नहीं किया जा सकता है।

**हिंदुस्तान को पूरे झारखंड में बहुत ही मजबूती के साथ स्थापित किया**

उन्होंने हिंदुस्तान को पूरे झारखंड में बहुत ही मजबूती के साथ स्थापित किया। हिंदुस्तान के बतौर संपादक उन्होंने जो पत्रकारिता की सेवा की सदा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकारिता के मूल्यों के साथ कभी भी समझौता नहीं किया। चाहे मामला कोल माफिया, भूमाफियाऔर नक्सली से संबंधित क्यों न रहा हो, उन्होंने कभी भी किसी खबर को दबाया नहीं बल्कि निर्भीकता के साथ प्रकाशित किया।

वे प्रारंभ से ही पत्रकारिता के प्रति गंभीर रहे थे। ऐसा उनके साथ कई बार वाक्या हुआ कि हिंदुस्तान में खबर छपने के बाद संबंधित लोगों ने उन्हें दूरभाष पर और मिलकर कम परेशान नहीं किया। लेकिन उन्होंने अपनी बातों को दो टूक तरीके से रखा । उन्होंने उन लोगों से साफ तौर पर कहा कि 'अगर हिंदुस्तान में छपने वाली रिपोर्ट गलत है, तो इससे संबंधित कागजात मुझे उपलब्ध कराएं। मैं आपके कागजात की जांच कर जरूर प्रकाशित करूंगा ।

**टूक बातें सुनकर लोग कहां टिक पाते थे?**

हरिनारायण सिंह की ऐसी दो टूक बातें सुनकर लोग कहां टिक पाते थे। सच्चे अर्थों में वे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के एक मजबूत सिपाही रहे थे। प्रभात खबर, हिंदुस्तान, आजाद सिपाही सहित कई हिन्दी दैनिक पत्रों सहित दृश्य मीडिया में काम करते हुए हरिनारायण सिंह ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण यह काम किया कि नए उभरते पत्रकारों को एक तरह से प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया। वे नए पत्रकारों को इस पेशे में आने और उसके उद्देश्य को बतलाया करते थे । उन्होंने पत्रकारिता के 36 वर्षों के दौरान कई नए पत्रकारों को तराशा। आज उनके द्वारा तरासे गए कई पत्रकार पत्रकारिता के विभिन्न आयामों में अपनी सेवाएं देश भर में देर रहे है। वे पत्रकारिता के एक चलता फिरता इंस्टीट्यूशन बन गए थे। उनसे नए पत्रकारों को सीखने का काफी बेहतर अवसर मिल रहा था। इतना व्यस्त होने के बावजूद रोजाना उनसे नए पत्रकार मिलते और परामर्श लेते थे।

**पुस्तक को बड़े ही ध्यान और मन से पढ़ने की जरूरत है**

इसलिए पुस्तक को बड़े ही ध्यान और मन से पढ़ने की जरूरत है । तभी पुस्तक की पढ़ी बातें लंबे समय तक याद रह पाएंगी।' आगे उन्होंने पुस्तकालय के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि 'लोग अपने स्टैंडर्ड को और ऊंचा उठाने के लिए अपने घरों में कई पुस्तकें सजा तो जरूर लेते हैं, लेकिन पढ़ नहीं पाते हैं। इसलिए पुस्तक सिर्फ घर की शोभा न बने बल्कि पुस्तक को पढ़ा जाए। तभी पुस्तक रखने की सार्थकता है।' उक्त आयोजन में भाई हरिनारायण सिंह ने कार्यक्रम में सम्मिलित सभी कथाकारों, कवियों, लेखकों से परिचय लिया । इसी दौरान मैंने उन्हें एक लिफाफा दिया। जिसमें मेरा एक आलेख था। जिसे उन्होंने पांच किस्तों में प्रकाशित भी किया था। भाई हरिनारायण सिंह का स शरीर न होना, यह हम सबों को जीवन भर कचोटता रहेगा, लेकिन वे सैकड़ो पत्रकारों में जो पत्रकारिता के बीज डाले हैं, अंकुरित होकर पत्रकारिता के क्षेत्र में युद्ध रत हैं। सभी हरिनारायण सिंह ही हैं। हरिनारायण सिंह के जीवन से हम सबों को निर्भीक होकर पत्रकारिता करने की सीख लेनी चाहिए। भाई हरिनारायण सिंह ने जिस गंभीरता से पत्रकारिता की सेवा की उसी गंभीरता के साथ इंसानी रिश्तों और मानवीय संवेदनाओं को भी आत्मसात किया था।

# डीसी ने बच्चों से वार्ता कर ली शैक्षणिक माहौल की जानकारी



**स्वतंत्रता दिवस पर डीसी ने स्कूली बच्चों के साथ समय गुजारा, किया लंच डीसी ने किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डीसी आदित्य रंजन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शेष कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि बच्चों को सभी सुविधाएं सुगमता से अतिशीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान डीसी ने बच्चों के साथ वक्त गुजारा, उनसे उनकी पढ़ाई से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से भविष्य के बारे में सवाल-जवाब किया। वहीं, बच्चों ने भी खुशी-खुशी डीसी से अपनी मन की बात साझा की। इसके बाद डीसी ने सभी बच्चों के साथ लंच किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढने एवं भविष्य में बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार आदि मौजूद रहें।






# धनबाद आयुष फाउंडेशन ने ऑनलाइन आयोजित किया सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता



विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते गणमान्य लोग।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** स्वतंत्रता दिवस पर आयुष फाउंडेशन धनबाद की ओर सो आयोजित ऑनलाइन सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साधना अस्पताल प्रांगण में डॉ साधना ने ध्वजारोहण के बाद सभी सम्मानित लोगों को मिठाइयां दी। लगे हाथ लाडो रानी ट्रस्ट की ओर से सभी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र दिया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल डॉ साधना ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए 15 अगस्त के महत्व पर प्रकाश डाला और देशभक्ति की भावना को संजोकर रखने का संदेश दिया। लाडो रानी ट्रस्ट के श्यामल मुखर्जी ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी और देश की आजादी के संघर्ष की याद दिलाई। जबकि आयुष फाउंडेशन के गणेश शर्मा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कला के क्षेत्र में अंक के महत्व और उसके सकारात्मक उपयोग पर विचार साझा किए। इस मौके पर राजा, मुकेश, ओम, सुनील साही, शुभम राज, सचिन आनंद और राजीव रंजन मौजूद रहे।






# दिशोम गुरु के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए सांसद पप्पू यादव

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** दिशोम गुरू शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म में श्रद्धा भाव से शामिल होने के लिए जनसैलाब नेमरा स्थित उनके पैतृत गांव पहुंचने लगा था। शनिवार को झामुमो के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, राज्य सभा सदस्य सरफराज अहमद, योग गुरू बाबा रामदेव सहित कई नामचीन लोगों का आना जारी रहा। सभी गणमान्य लोगों ने दिशोम गुरू की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की और दुख की इस घड़ी में उनका ढांढस बंधाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और संजय गोस्वामी के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।







**विकाश साहु**
**घाघरा**
आजाद सिपाही
मो. 9308324155

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**शिबा देवी**
प्रखंड उपप्रमुख
घाघरा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**कृष्णा कुमार लोहरा**
जिला महासचिव कांग्रेस पार्टी
घाघरा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**खाखा सुशील कुमार**
अंचलाधिकारी
घाघरा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**किशोर जायसवाल**
संचालक
मंडल अध्यक्ष, घाघरा सह रिद्धि सेल्स जायसवाल हाइट गुमला, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**शिवकुमार भगत**
झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी घाघरा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**दिलबन्धु मांझी**
समाजसेवी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सुशीला कुमारी**
निदेशक
तेजस्वी पब्लिस स्कुल, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**झरी उरांव**
पूर्व मुखिया
चपका पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विनोद उरांव**
मुखिया
शिवराजपुर, पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**चाँदनी देवी**
मुखिया
बीमारला पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आकाश साहु**
संचालक
मिशिका ट्रेडर्स, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विजय साहु**
निदेशक
चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हें, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विनीता कुमारी**
मुखिया
चुंदरी पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अनिरुद्ध चौबे**
समन्वयक, बिरसा हरित चेतना वन प्रमंडल गुमला, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**नितेश रंजन भास्कर**
निदेशक
भास्कर एजुकेशन एकेडमी, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आशीष सोनी**
भाजयुमो अध्यक्ष
घाघरा मंडल, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**बेबी कुमारी**
बीपीओ मनरेगा
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**गीता कुमारी**
मुखिया
कुगांव पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**चंपा खड़िया**
मुखिया
दिरगांव पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**लोदो एक्का**
मुखिया
आरंगी पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सोमारी देवी**
मुखिया
सेहल पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रानी कुमारी**
मुखिया
बेलागाड़ा पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**शेखर सिंह**
रेंजर
आदर रेंज, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**पुनीत मिंज**
थाना प्रभारी
घाघरा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अल्पसंख्यक शिक्षक संघ**
**कामडारा, गुमला**

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**बॉबी भगत**
राष्ट्रीय समन्वयक
अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (आदिवासी विभाग) सह उपाध्यक्ष, प्रदेश महिला कांग्रेस, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मुखिया संघ**
कामडारा, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राजेश कुमार**
निदेशक
विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदर, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**नीमा देवी**
उपमुखिया
सेहल पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राजेश बड़ाइक**
मुखिया
सरांगो पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. सीमा एक्का**
पशुपालन पदाधिकारी
घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**यशमुनी कुमारी**
मुखिया
आदर पंचायत, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**चंद्रकांत पाठक**
निदेशक
सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संजीव उरांव**
विधायक
प्रतिनिधि, घाघरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**पुष्पा टोप्पो**
बिपिओ
शिक्षा विभाग, घाघरा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतेंद्र कुमार
उप प्रमुख, इचाक सह जिला उपाध्यक्ष
झामुमो युवा मोर्चा, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोगी फिलिंग स्टेशन, मेरु
हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हारून रशीद
प्रखंड विकास पदाधिकारी
दारू प्रखंड, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बनाहाप्पा, सदर प्रखंड, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश प्रसाद मेहता
डायरेक्टर
लोकनायक जे. पी. विद्या मंदिर, इंग्लिश मेडियम स्कूल, नगवा टोल प्लाजा, रांची पटना रोड, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शशि भूषण प्रसाद
डायरेक्टर
ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल 10+2, जीनगा प्रखंड दारु, जिला हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुणाल किशोर
थाना प्रभारी
मुफ्फसील थाना, हजारीबाग


Happy INDEPENDENCE DAY
Admission Open
B.Pharma
D.Pharma
WISHING YOU A PROUD AND VIBRANT INDEPENDENCE DAY!
Best Wishes
Gyan Jyoti College of Pharmacy
Sadanand Road, Hazaribag


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिकंदर कुमार राम
मुखिया
बरका कला पंचायत, इचाक


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामजी प्रसाद गुप्ता
अंचलाधिकारी
इचाक


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद मेहता
जिला मंत्री, विश्व हिंदू परिषद, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार उदयभान नारायण सिंह
भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
हजारीबाग, झारखंड


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय, उरूका, इचाक


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश कुमार
जिला शिक्षा अधीक्षक
हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सूर्या कुमार
एमडी, न्यू पल्स हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी, इचाक मोड़, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश कुमार यादव
समाजसेवी
इचाक


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि सिंह
समाजसेवी, सरोनी, प्रखंड सदर, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार मेहता
प्रदेश संयोजक,
भाजपा किसान मोर्चा, कृषि नीति एवं शोध प्रकोष्ठ, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनूप भाई
जिला अध्यक्ष, सहकार भारती, हजारीबाग
सह बरकट्ठा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनम देवी
जिला अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय जनता दल, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
होली क्रॉस कम्युनिटी हेल्थ केयर सेंटर, तरवा खरवा, हजारीबाग
डायरेक्टर प्रशासक


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उषा देवी
मुखिया, मांडई खुर्द पंचायत
सदर प्रखंड, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
10+2 LORD KRISHNA SCHOOL
अमिताभ नीरज (डायरेक्टर)
लॉर्ड कृष्णा स्कूल 10+2, अमृत नगर, हजारीबाग


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लखन कुमार मेहता
निदेशक
एलएम आईटीआई,
अम्बेडकर नगर, इचाक


79
स्वतंत्रता दिवस
के इस पावन अवसर पर हज़ारीबाग सहित पूरे झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
प्रदीप प्रसाद
विधायक - भाजपा
हज़ारीबाग विधानसभा, झारखंड


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. इकबाल हुसैन
थाना प्रभारी
दारु, हजारीबाग


आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
Prinicipal
Farha Fatmi
Affiliation No.: 3430613
School Code.: 66718
FAHIMA ACADEMY
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI UPTO 10+2 LEVEL
ADD.: PUGMIL, NAYEE BASTI, HAZARIBAG | CONT. NO.: 8102123808

# स्वतंत्रता दिवस पर ओएनजीसी में शान से फहराया तिरंगा, दी गयी सलामी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** ओएनजीसी सीबीएम परिसंपत्ति में 79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को भव्य तरीके से मनाया गया। इस मौके पर अधिकारी, कर्मचारी, संविदाकर्मी, हाउस कीपिंग एवं उनके पारिवारिक सदस्यों के साथ ही केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक के करीब 60 बच्चे, आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के बच्चों, अध्यापक, अध्यापिका आदि उपस्थित रहे। परिसंपत्ति प्रबंधक टीएन उन्नीकृष्णन नायर को प्रभारी सुरक्षा विष्णु बहादुर पांडेय की ओर से सेल्यूट किया गया एवं परिसंपत्ति प्रबंधक को स्कॉट करते हुए डैशबोर्ड तक ले जाया गया। वहीं, टीएन उन्नीकृष्णन नैयर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान सामूहिक से राष्ट्रगान के बाद देश के वीर शहीदों को याद किया गया। इस अवसरर पर उन्नीकृष्ण नायर ने ओएनजीसी की उपलब्धि पर अपने अभिभाषण में विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने सभी विभाग, अनुभाग के कार्यों की सराहना की। जबकि विभाग प्रमुख एवं सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दी। सीबीएम गैस के उत्पादन को और बढ़ाने की अपील की। सभी विभाग, अनुभाग को सामूहिक रूप से टीम भावना में रह कर कार्य करने को प्रोत्साहित किया। ओएनजीसी ऑफिसर्स महिला समिति के सदस्यों की ओर से देशभक्ति संगीत पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति की गई। यहां आशा लता दिव्यांग विकास के प्रतिभागियों ने '...ए मेरे वतन के लोगों...' गाकर कवि प्रदीप का लिखा एवं भारत रत्न स्वर कोकिला दिवंगत लता मंगेशकर की याद को ताजा कर दिया। केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने भी नृत्य एवं संगीत का शानदार प्रस्तुति से लोगों ने तालियों से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। ओएनजीसी अधिकारियों और कर्मचारी के बच्चों ने भी नृत्य एवं संगीत में शानदार प्रस्तुति दी। ओएनजीसी सीबीएम के लॉगिंग प्रमुख वीरेंद्र कुमार ने मुकेश के संगीत की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में परिसंपत्ति प्रबंधक टीएन उन्नीकृष्णन नैयर ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मौके पर प्रमुख सब सर्फेस टीम आलोक दास, प्रमुख ड्रिलिंग बलबीर सिंह, प्रमुख मानव संसाधन दयानंद कालुंदिया, आलंबन प्रबंधक विपिन कुमार, भूतल दल प्रमुख विपिन प्रसाद, प्रमुख वित्त एवं लेखा अक्षय कुमार, प्रमुख कूप सेवाएं दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन डॉली कुमारी, प्रभारी आतिथ्य अनोखेलाल, अर्चना, कुसुम और शशि शेखर की अहम भूमिका रही।

# करंट लगने से किसान की मौत

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के देवाताही गांव में शनिवार की दोपहर बिजली का करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। उसकी पहचान युगेश यादव (41) के रूप में हुई है। वह छतरपुर के दिनादाग पंचायत के सिरिसिया टोला का रहने वाला था। उसकी पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि वे खेत में काम करने जा रहे थे। रास्ते में टूटा हुआ बिजली का तार पड़ा था। झाड़ी और घास में छिपे इस तार को वे देख नहीं पाए और उसकी चपेट में आ गए। युगेश की शादी खौंढी गांव में हुई थी। उसका एक बेटा और दो बेटियां हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



































































## सीआरपीएफ प्लाटून को मिला प्रथम पुरस्कार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मुख्य समारोह में सीआरपीएफ, सीआइएसफ, आरपीएसएफ, जैप 3, जिला सशस्त्र पुलिस बल (पुरुष), जिला सशस्त्र पुलिस बल (महिला), गृहरक्षक वाहिनी, ग्रामीण पुलिस, एनसीसी (पुरुष), एनसीसी (महिला), भारतीय स्काउट एंड गाइड के प्लाटून ने हिस्सा लिया। इसमें सीआरपीएफ प्लाटून को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं जिला सशस्त्र पुलिस बल (महिला) को द्वितीय और एनसीसी (महिला) को तृतीय पुरस्कार मिला। मौके पर सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार मुख्य परेड कमांडर और सार्जेंट चारु बेदिया द्वितीय परेड कमांडर रहे।











































## एनजीओ ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों में बांटे रेनकोट

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था नेशनल मानवाधिकार ने लगातार हो रही बारिश के बीच सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मियों के बीच रेनकोट का वितरण किया। धनबाद थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी दिन-रात बारिश और धूप की परवाह किए बिना अपनी ड्यूटी निभाते हैं. ऐसे प्रयास न केवल उन्हें सुरक्षा देंगे, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ाएंगे। वहीं, संस्था के सदस्य अमित कुमार ने बताया कि इससे पहले ट्रैफिक जवानों के बीच छाता भी वितरित किया गया था। आगे की योजना में पंखा लगे हेलमेट और पुलिस पोस्ट पर बड़े साइज के छाते उपलब्ध कराने की योजना है. रेनकोट पाकर उपस्थित ट्रैफिक जवानों ने एनजीओ का आभार व्यक्त किया। कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास हमें सशक्त और संरक्षित महसूस कराते हैं।






## बोकारो में धूमधाम से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित: मंत्री

**- जिला प्रशासन की ओर से सेक्टर 12 पुलिस लाइन मैदान में आयोजित हुआ मुख्य समारोह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज**

आजाद सिपाही संवाददाता



स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित परेड में शामिल महिला ब्रिगेड और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**बोकारो।** जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। जिला प्रशासन की ओर से मुख्य समारोह का आयोजन सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूली सेक्टर-4 की बच्चियों ने राष्ट्रीय गान एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने बैंड की प्रस्तुत दी। अपने संबोधन में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी। कहा कि आज ही के दिन 15 अगस्त 1947 को हमारा देश भारत आजाद हुआ था एवं एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित की। हम उन सभी महापुरूषों को नमन करते हैं, जिनके अथक प्रयास से भारत आज एक सशक्त स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व में अपनी पहचान स्थापित करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंने झारखंड के अभिभावक दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि आज वे हमारे बीच नहीं है, पर उनके आदर्श, जो जनमानस एवं आदिवासी समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहे है, वह सदैव अमर रहेगा। हम सबको उक्त पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान' योजनान्तर्गत जिला में कुल 3 लाख 63 हजार 460 लाभुकों को योजना से लाभान्वित करते हुए माह जुलाई-2025 तक सभी सुयोग्य लाभुकों को 2500 रुपए की आर्थिक सहायता राशि का भुगतान किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के दृढ़ संकल्प एवं ईच्छाशक्ति को दर्शाता है। इसके साथ ही बोकारो जिले ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा, आपूर्ति, समाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास, योजना, कल्याण एवं समाज कल्याण शाखा आदि विभागों के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए विकास का नया आयाम स्थापित किया है। जिला अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 22, हजार 53 गर्भवती महिलाओं का निःशूल्क स्वास्थ्य जांच एवं 20 हजार 570 गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव कराया गया है। साथ ही बच्चों को जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए 20 हजार 54 बच्चों का नियमित टीकाकरण कराया गया है। जबकि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना अंतर्गत कुल 39 मरीजों को ईलाज हेतु अनुदान राशि प्रदान की गई है एवं कीडनी रोग से ग्रसित 1 हजार 6 सौ 97 मरीजों को डायलेसिस की सुविधा प्रदान किया गया है। खेल के क्षेत्र में भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत जिले के 13 हजार 974 आवासों की स्वीकृति दी गई। पीभीटीजी डाकिया योजना के तहत गोमिया प्रखंड के 82 आदिम जनजाति परिवारों को 35 किलोग्राम अनाज निःशुल्क उपलब्ध कराया। कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13 लाख 24 हजार 205 कार्डधारियों के बीच वस्त्रों का वितरण किया। जिले में पेंशन योजनांतर्गत लाभुकों को लाभ दिया गया। सरकार की ओर से महिला स्वावलंबन की दिशा में कार्य करते हुए वैसी महिलायें जो मनोवैज्ञानिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से शोषित है, की सहायता हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर योजना संचालित की गई है। समारोह में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर बोकारो प्रक्षेत्र क्रांति कुमार गड़ीदेशी, डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा आदि उपस्थित थे।

## इएसएल स्टील लिमिटेड में धूमधाम से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इएसएल स्टील लिमिटेड के प्लांट परिसर में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गर्व के साथ मनाया। कंपनी के डिप्टी सीइओ एवं पूर्णकालिक निदेशक रवीश शर्मा, मुख्य वित्तीय अधिकारी आनंद दुबे, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार, उप निदेशक संजीव तिवारी, डीआइपी आनंद विजेता उप मुख्य वाणिज्य अधिकारी और कुणाल दरीपा प्रमुख, सीएसआर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य परेड के साथ हुई। डिप्टी सीइओ रवीश शर्मा को सुरक्षा कर्मियों के साथ मंच तक लाया गया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगा को सलामी दी। अपने संबोधन में कहा कि इएसएल की असली ताकत उसकी तकनीक के साथ उसके परिश्रमी कर्मियों की लगन और समर्पण है। उन्होंने सभी से अनुशासन, टीमवर्क, सुरक्षा और गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण में ईएसएल की पहलों का ज़िक्र करते हुए कर्मचारियों को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। यहां साल भर में उत्कृष्ट काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
JAI Suspensions Limited

सुधीर चंदेले

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गौरव कुमार
थाना प्रभारी
खरसावां

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद मुर्मू
थाना प्रभारी
कांड्रा

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

चंचल कुमार
थाना प्रभारी
राजनगर

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डिल्सन कुमार
थाना प्रभारी, चांडिल

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

गणेश महली
झामुमो नेता, पूर्व सरायकेला विधानसभा प्रत्याशी

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद तिर्की
थाना प्रभारी, आदित्यपुर

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार
थाना प्रभारी, सरायकेला

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अविनाश ठाकुर
श्रम अधीक्षक, सरायकेला

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अविनाश कुमार
थाना प्रभारी, तिरुलडीह

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप कुमार
कार्यपालक अभियंता
आदित्यपुर विद्युत विभाग

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कैलाश मिश्रा

कार्यालय
नगर पंचायत सरायकेला
पैलेस रोड, रारायकेला-833219 Email ID-npseralkeltal@gmail.com

नगर पंचायत का नगरवासियों से सादर अपील

- Single Use Plastics का उपयोग निकाय क्षेत्र में पूर्णतः प्रतिबंधित है. इसका उपयोग न काहै।
- माली में कचड़ा में डालें, कूड़ेदान का व्यवहार करें, नाली का अतिक्रमण कर उसके ऊपर निर्माण कार्य ना करें।
- अपनी दुकान अथवा मकान के बाहर डस्टबीन व्यवहार हेतु रखें। डोर-टू-डोर कचरा गाड़ी में कचरे दें।
- सरकारी भूमि का अतिक्रमण कर यातायात बाधित न करें। अपने वाहन का व्यवस्थित ढंग से पार्किंग करें।
- सड़क के किनारे बिल्डिंग मेटेरियल फोल डस्ट बालू, गिट्टी, ईट अथवा कचड़ा न रखें। निकाय क्षेत्र में भवन निर्माण करने से पूर्व नक्का पारित कराये एवं स्वीकृत नक्शे के अनुरूप ही निर्माण कार्य करायें।
- नगर पंचायत क्षेत्र में हुए जन्म अथवा मृत्यु की पंजीकरण ससमय अवश्य करायें।
- ससमय नगर पंचायत का होल्डिंग टैक्स, जलकर चुकान किराया एवं अन्य कर का भुगतान करें।
- नये भवनों का कर निर्धारण हेतु Self Assessment Form (SAF) अवश्य मरे।
- निकाय से अपने व्यवसाय का Trade Licence निश्चित रूप से धनायें।
- नगर पंचायत क्षेत्र में होर्डिंग लगाकर विज्ञापन करने हेतु नगर पंचायत से स्वीकृति अपश्य ले लें।
- नगर पंचायत से अनुमति के बिना सडक कटिंग न करें।
- स्वच्छ सर्वेक्षण की मार्गदर्शिका के अनुसार, सभी नागरिकों से अपील है कि बेहतर शहर की स्थान प्राप्त कराने हेतु नगर पंचायत सरायकेला का सहयोग है।


निवेदक -
समीर बोदरा
प्रशासक,
नगर पंचायत, सरायकेला

# स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**कालीचरण सिंह**
सांसद चतरा लोकसभा

**भरत राम**
एसडीपीओ, बरवाडीह

**रेश्मा रेखा मिंज**
बीडीओ, बरवाडीह

**लवकेश सिंह**
अंचलाधिकारी, बरवाडीह

**अनूप कुमार**
बरवाडीह थाना प्रभारी

**रामचन्द्र सिंह**
मनिका विधानसभा क्षेत्र विधायक

**सुशीला कुमारी**
बरवाडीह प्रमुख

**बीरेंद्र जायसवाल**
उपप्रमुख बरवाडीह

**याकिन अंसारी**
छिपादोहर थाना प्रभारी

**कमलेश सिंह**
बीपीओ, बरवाडीह

**तौकीर खान**
समाजसेवी सह संवेदक

**अजित कुमार**
समाजसेवी सह संवेदक

**शशिभूषण तिवारी**
झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष

**मनान अंसारी**
पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार सह समाजसेवी

**खुर्शीद आलम**
समाजसेवी

**प्रेम सिंह उर्फ पिंटू**
विधायक प्रतिनिधि

**अफजल अंसारी**
झामुमो पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सह समाजसेवी

**रामनाथ यादव**
एमओ बरवाडीह

**पवन कुमार**
शांति निकेतन निदेशक बरवाडीह

**वन विभाग बरवाडीह**

**वन विभाग बेतला**

**जीवन अस्पताल/बिरसा अस्पताल/माइंया बाबू अस्पताल**

**डीलर संघ बरवाडीह**

अनिता देवी, केड मुखिया

**नसीम अंसारी**
बीस सूत्री अध्यक्ष बरवाडीह

**अली हसन अंसारी**
राजद अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सह आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केंद्रीय सचिव

**अजय चंद्रवंशी**
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह संवेदक

**मनोज जायसवाल**
समाजसेवी सह संवेदक

**सावित्री देवी**
मुखिया हरातू

**आशा देवी**
छेचा मुखिया

**हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह**
भाजपा प्रखंड अध्यक्ष

**सलाम अंसारी**
कांग्रेस प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग एवं लातेहार जिला 15 सूत्री सदस्य

**हेसामूल अंसारी**
समाजसेवी सह पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार

**बुधेश्वर सिंह**
मुखिया केचकी

**आशीष सिंह**
मुखिया मोरवाई कला

**कालो देवी**
मुखिया बरवाडीह

**मंजू देवी**
मुखिया पंचायत बेतला, प्रखंड बरवाडीह(लातेहार) झारखंड

**नीतू देवी**
मुखिया पोखरी कलां पंचायत -बरवाडीह(लातेहार) झारखंड

**बेरोनिका कुजूर**
छिपादोहर मुखिया

**पूनम देवी**
उकामाड मुखिया

**जितेंद्र सिंह**
मुखिया खुरा

**बिपिन बिहारी सिंह**
मंगरा मुखिया

**दिलीप पासवान**
समाजसेवी

**जयशंकर कुमार सिंह**
समाजसेवी

**शिवानंद तिवारी उर्फ दीपू तिवारी**
संवेदक सह समाजसेवी

**संतोषी शेखर**
पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बरवाडीह

अंचल परिवार
रोजगार सेवक संघ बरवाडीह
दीपक कुमार पीएम आवास कॉर्डिनेटर
प्रभाकर मणि मनरेगा एई
मंटू लाल 15 वें वित्त जेई
सन्नी कुमार मनरेगा जेई
संजय कुमार मनरेगा जेई

**प्रवीण कुमार**
पंचायत समिति सदस्य बरवाडीह

**अनिल सिंह**
संवेदक सह समाजसेवी

# रघुवर दास ने सूर्य मंदिर परिसर में तिरंगे को दी सलामी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने शुक्रवार को देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान सूर्य मंदिर के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत तमाम पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी एवं युवा मौजूद रहे। ।

# छड़ चोरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर आदित्यपुर पुलिस ने कारवाई करते हुए गम्हरिया फेज-06 शांति सिमेन्ट में हुई छड़ चोरी की मामले का खुलासा कर दिया।शनिवार को पुलिस ने टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में बादल गोप, अन्नतो प्रधान, राजु दास और विकास सिंह शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही में 16 एमएम के लोहे का छड़ बरामद कर लिया।जिनका कुल वजन लगभग 500 किलो है।

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बरहरवा

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



आर एस प्रसाद
जिला पशुपालन पदाधिकारी
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



अशोक कुमार दास
प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष
बरहरवा
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



चंदन कुमार भैया
थाना प्रभारी
कोटालपोखर,
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रमोद कुमार एक्का
कृषि पदाधिकारी
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



आईटीडीए, कल्याण विभाग साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



पिंटू कुमार यादव
सामाजिक कार्यकर्ता और टोटो चालक यूनियन संघ सदस्य

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




जिला परिवहन कार्यालय, साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. किरण माला
जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रदीप कुमार झा
आरसेटी निदेशक
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



संजीव सिन्हा
सामाजिक कार्यकर्ता एवं टोटो चालक यूनियन संघ सदस्य

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



अमित कच्छप
मुफस्सिल थाना
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



सी.के दास
भू - अर्जन पदाधिकारी
साहिबगंज

समर कार्यक्रम
समर
पोषण - स्वास्थ्य - समृद्धि
आओ मिलकर कुपोषण मिटाएं,
पोषण-स्वास्थ्य-समृद्धि की ओर कदम बढ़ाएं
कुपोषण मुक्त झारखण्ड
स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



अनिश पांडे
थाना प्रभारी
मुफ्फसिल

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



बरकतुल्लाह खान
कांग्रेस जिला अध्यक्ष
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. मोहन मुर्मू
सदर अस्पताल
साहिबगंज



स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक
शुभकामनाएं



मो.ताजुद्दीन राजा
राजमहल विधायक

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक
शुभकामनाएं



तनवीर आलम
कांग्रेस प्रदेश सचिव

स्वतंत्रता दिवस की देशवासियों को हार्दिक
शुभकामनाएं



अमित कुमार सिंह
पुलिस अधीक्षक, साहिबगंज





कीटनाशी छिड़काव के दौरान
छिड़काव कर्मियों के लिए दिशा-निर्देश

कीटनाशी छिड़काव का प्रहार
बालू मक्खियों पर वार

| क्या करें (✓) | क्या न करें (x) |
|---|---|
| छिड़काव दल विनम्र व्यवहार के साथ घर के मालिकों को कालाजार संबंधित जानकारी से अवगत करायें एवं छिड़काव के महत्व को बताकर घर में छिड़काव हेतु अनुमति लें। | किसी भी घर को छिड़काव से वंचित न रहने दें। |
| सभी उपकरण जैसे छिड़काव पम्प, सुरक्षा वस्त्र, बाल्टी, मापक, कीटनाशक, दल के साथ सही स्थिति में उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही छिड़काव कर्मी प्रतिदिन लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करेंगे। | छिड़काव कर्मी कीटनाशी छिड़काव के दौरान न कुछ खायेंगे और न ही धूम्रपान करेगें। |
| छिड़काव हेतु घोल बनाते समय हाथों में दस्ताने एवं नाक पर मास्क अवश्य पहनें। छिड़काव करते समय हमेशा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE Kit) का प्रयोग अवश्य करें। | बिना व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE Kit) पहनें छिड़काव कार्य ना करें। घर की बाहरी दीवारों पर छिड़काव ना करें। |
| छिड़काव कर्मियों द्वारा उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। किसी कर्मी के अनुपस्थित रहने पर संबंधित क्षेत्र के MTS/KTS को दूरभाष पर जानकारी देना आवश्यक होगा। प्रतिदिन कीटनाशी की खपत का Stock Register में संधारण अनिवार्य होगा। | छिड़काव किये गए घरों के बाहर स्टेंसिल बनाना नहीं भूलें एवं फॉल्स स्टेंसिल न बनाएँ। |
| छिड़काव के बाद सभी उपकरणों को तीन बार धोयें। धोने के उपरांत बचे हुए सारे पानी को गाँव से दूर गड्ढा खोद कर डालें। | छिड़काव के बाद सभी उपकरणों को धोने के उपरांत बचे हुए पानी को गाँव के सार्वजनिक स्थलों में नहीं फेकें तथा सुरक्षा वस्त्रों को अन्य वस्त्रों के साथ ना रखें। |
| किसी छिड़काव कर्मी को स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होने पर इसकी सूचना अपने पर्यवेक्षक को दें। | किसी छिड़काव कर्मी को यदि कमजोरी, सिरदर्द, थकान, नेत्र अथवा त्वचा में जलन, नशीली चीजों का सेवन, साँस लेने में तकलीफ या अन्य कोई गंभीर रोग की शिकायत है, तो उन्हें छिड़काव कार्य की अनुमति नहीं है। |

कालाजार की जाँच और उपचार
सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त उपलब्ध है।

आइए निष्ठापूर्ण जिम्मेदारी निभाएँ, अपने गांव से कालाजार को दूर भगाएं

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

# रेखा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मोबाइल के तीसरे आउटलेट का उद्घाटन



- हटिया विधायक नवीन जयसवाल और तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अब्दुल आजाद चौक, पानी टंकी, हटिया सिंह मोड़, रांची में अत्याधुनिक मोबाइल फोन, एक्सेसरीज और बेहतरीन सेवाओं के साथ रेखा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मोबाइल के तीसरा आउटलेट का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर ग्राहकों को नवीनतम स्मार्टफोन्स, आकर्षक ऑफर्स और विशेष छूट का लाभ मिलेगा। साथ ही मोबाइल रिपेयरिंग, टेम्पर्ड ग्लास, कवर और अन्य जरूरी एक्सेसरीज की पूरी रेंज भी उपलब्ध होगी।

दुकान के मालिक मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता, उचित दाम और विश्वसनीय सेवा प्रदान करना है। हम चाहते हैं कि हर ग्राहक यहां से संतुष्ट होकर जाये। विशेष आकर्षण उद्घाटन दिवस पर खास ऑफर्स और डिस्काउंट, पहले 50 ग्राहकों के लिए सरप्राइज गिफ्ट, नवीनतम 5जी स्मार्टफोंस का लाइव डेमो है।

## ट्रंप और पुतिन की मुलाकात का भारत ने किया स्वागत

# सिर्फ बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है रास्ता

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** भारत ने शनिवार को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई मुलाकात क स्वागत करते हुए कहा कि आगे का रास्ता केवल बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है। विदेश मंत्रालय का यह बयान ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच मुलाकात के एक दिन बाद आया है। पुतिन एक दशक में पहली बार यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए एक शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका आये थे।

विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर बैठक का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। बयान में आगे कहा गया है कि भारत शिखर सम्मेलन में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता केवल बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का शीघ्र अंत देखना चाहती है।

इससे पहले ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का में शिखर बैठक की थी लेकिन यह बैठक बेनतीजा रही और कई मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि अलास्का के एंकोरेज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बहुत ही उपयोगी बैठक हुई लेकिन शिखर सम्मेलन यूक्रेन संकट पर किसी समझौते के बिना समाप्त हो गया। वहीं, पुतिन ने कहा कि वह इस बात से सहमत हैं कि यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा ट्रंप के साथ उनका समझौता यूक्रेन में शांति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

पुतिन-ट्रंप मुलाकात के बाद अब ट्रंप और जेलेंस्की की बैठक होने जा रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि वह अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की योजना बना रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि अलास्का में पुतिन और ट्रंप के बीच मुलाकात के बाद शनिवार को उन्होंने ट्रंप के साथ 'लंबी और सार्थक' बातचीत की। उन्होंने सोमवार को वाशिंगटन में व्यक्तिगत रूप से मिलने के निमंत्रण के लिए ट्रंप का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे 'हत्या और युद्ध को समाप्त करने पर चर्चा करेंगे'। जेलेंस्की ने बातचीत में यूरोप को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनवार में ध्वज फहराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। श्री सिंह ध्वजारोहण कर धनवार विधानसभा क्षेत्र वासियों के साथ समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने देश की स्वतंत्रता और भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देनेवाले वीरों को याद कर के नमन किया। कहा कि स्वतंत्रता दिवस उन अनगिनत स्वतंत्रता सैनानियों के त्याग, साहस और समर्पण को याद करने का अवसर है, जिन्होंने हमें आजादी का अनमोल उपहार दिया। इस मौके पर अमित साव, अशोक राय, उदय सिंह, श्रीकांत राय, बिजय अग्रवाल, पवन सिंह, नन्दलाल साव, सोहन यादव, भोपाल सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह, शंभू वर्णवाल, सोहन यादव, सिराज राम और मुंशी राम आदि कई मौजूद थे।

## चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस आज

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि वह रविवार को अपराह्न 3 बजे नयी दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। यह जानकारी आयोग के डायरेक्टर जनरल (मीडिया) द्वारा दी गयी है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी महत्वपूर्ण घोषणाएं और अपडेट साझा कर सकते हैं, जो आगामी चुनावों और मतदाता सूची संशोधन से संबंधित हो सकते हैं। इसके अलावा, 'वोट चोरी' के गंभीर आरोपों से घिरा भारत निर्वाचन आयोग अब इन आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकता है। दरअसल यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे समय में हो रही है, जब विपक्षी दलों ने आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाये हैं।

# कोल इंडिया में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोलकाता स्थित हमारे निगमित मुख्यालय में 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत हुई, जहां हमारे अध्यक्ष, कार्यकारी निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद, हमारे अध्यक्ष पीएम. प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कोल इंडिया मजबूत, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार है और सभी चुनौतियों का सामना करने तथा अपनी अग्रणी स्थिति को बनाये रखने के लिए पूरी तरह सुसज्जित है। उन्होंने उत्पादन लागत को कम करने, गुणवत्ता और स्थिरता सुनिश्चित करने और विविधीकरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री प्रसाद ने यह भी दोहराया कि देश को कोयले के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोयले के आयात का विकल्प ढूंढना आवश्यक है। अध्यक्ष, वित्त निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने 'कोयला दर्पण' के 18वें संस्करण का भी अनावरण किया। एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत अध्यक्ष और वित्त निदेशकों द्वारा कर्मचारियों को पौधे वितरित किये गये। CILOWS ने कोलकाता स्थित दिव्यांगजन आश्रय गृह, अलकेंदु बोध निकेतन के प्रतिनिधियों को मिठाइयों और जलपान के पैकेट दिये और इस अवसर पर हमारे स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर हमारे निदेशक (मानव संसाधन), डॉ विनय रंजन; निदेशक (विपणन), मुकेश चौधरी; निदेशक (वित्त), मुकेश अग्रवाल; निदेशक (तकनीकी), अच्युत घटक और मुख्य सतर्कता अधिकारी, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

# मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट लैंडस्लाइड में 2 लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। विक्रोली इलाके में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक 213 एमएम बारिश हुई। यहां जनकल्याण सोसाइटी के वर्षा गर इलाके में लैंडस्लाइड की वजह से दो लोगों की मौत हो गयी और दो घायल हैं। शनिवार को भी मुंबई समेत महाराष्ट्र के छह जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। हार्बर लाइन पर रेलवे ट्रैक पानी में डूबा है। सायन, वाशी, नवी मुंबई समेत कई इलाकों में करीब चार फीट तक पानी भर गया। प्रशासन ने जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने को कहा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 204.65 मीटर पहुंच गया, यह खतरे के निशान से ऊपर है।

वहीं, बिहार के सीमांचल और पूर्वी जिलों में बाढ़ के हालात हैं। भागलपुर जिले में 6 लाख लोग इससे प्रभावित हैं। गंगा-कोसी का जलस्तर बढ़ने से फरक्का बैराज के सभी 109 गेट खोले गये। हालांकि, राज्य में सामान्य से कम बारिश हुई है। अब तक 647 एमएम सामान्य बारिश के मुकाबले सिर्फ 492 एमएम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने गोवा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, एमपी-उत्तराखंड समेत 7 राज्यों में ऑरेंज और यूपी-छत्तीसगढ़ समेत 21 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**